● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 269, पृष्ठ : 08, सीधी, गुरुवार, 14 नवम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ




क्या मैं उन लोगों की मदद करूं जिन्होंने ने मजाक उड़ाया 5

शुभमन गिल ने की उम्र में धोखाधड़ी 6

## रोटी-बेटी-माटी की सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं होने देगे : पीएम



**सारठ।** झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा के पहले चरण के लिए आज चुनाव हो रहे हैं। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देवघर के सारठ में विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने बड़ी संख्या में जुटे लोगों की ओर इशारा करते हुए कहा कि एसी कमरों में बैठकर राजनीतिक हिसाब-किताब करने वालों से मैं कहना चाहता हूं कि चुनाव का नतीजा यहां देखा सकता है। इसके अलावा, उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा-एनडीए का एक ही मंत्र है- हमने झारखंड बनाया है, हम ही संवारेंगे।

पीएम मोदी ने नेमान पर्व की सभी को शुभकामनाएं दी और कहा कि दो दिन बाद ही हम धरती आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जन्मजयंती का उत्सव मनाने का रहे हैं। ये उत्सव हिंदुस्तान के हर कोने में मनाया जाएगा और उससे पहले लोकतंत्र के इस उत्सव में आपने भी पुराने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। हर तरफ एक ही गूंज है रोटी-बेटी-माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा-एनडीए सरकार।

उन्होंने कहा, आज झारखंड में पहले चरण का मतदान हो रहा है। रोटी-बेटी और माटी को बचाने का संकल्प आज हर बूथ पर दिख रहा है। भाजपा ने नारी शक्ति और नौजवानों के भविष्य के लिए जो गारंटियां दी हैं, उनके प्रति भारी समर्थन दिख रहा है।

उन्होंने आगे कहा, संथाल का ये क्षेत्र भी इस बार नया इतिहास रचने के लिए तैयार है। संथाल में इस बार जेएमएम-कांग्रेस का सूपड़ा साफ होना तय है। अगर ऐसे ही आदिवासी घटते रहे तो क्या होगा? आपके जल-जंगल और जमीन पर दूसरों का कब्जा हो जाएगा। हमें इस स्थिति से मेरे आदिवासी परिवारों को भी बचाना है और झारखंड को भी बचाना है। मैं बीते दिनों झारखंड में जहां भी गया, हर जगह विदेशियों की घुसपैठ को लेकर सबसे बड़ी चिंता रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, झारखंडी गौरव और झारखंड की पहचान, आप सबकी ताकत रही है। अगर ये पहचान ही खत्म हो गई तो क्या होगा? आंकड़े बताते हैं कि संथाल क्षेत्र में आदिवासियों की संख्या करीब-करीब आधी रह गई है। आज झारखंड की पहचान बदलने की बहुत बड़ी साजिश हो रही है। जेएमएम-कांग्रेस सरकार में बाहर से आए घुसपैठियों को यहां का परमानेंट निवासी बनाने के लिए हर गलत काम किए गए।

उन्होंने कहा, इन घुसपैठियों के लिए रातों-रात पक्के कागज बनाए गए। आदिवासी बेटियों को शादी के नाम पर ठगा गया और उनकी जमीन हथिया ली गई। इन घुसपैठियों ने आपसे आपका रोजगार छीन लिया और आपकी रोटी भी छीन ली। लेकिन यहां की सरकार का रवैया देखिए। जेएमएम सरकार ने कोर्ट में कह दिया कि झारखंड में कोई घुसपैठ हुई ही नहीं है। यहां स्थानीय निवासियों को पानी तक मिलना मुश्किल हो गया है। इसलिए इस चुनाव में रोटी-बेटी-माटी की सुरक्षा सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण मुद्दा है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि भाजपा-एनडीए की सरकार संथाल की और झारखंड की रोटी-बेटी-माटी की सुरक्षा से कोई खिलवाड़ नहीं होने देगी।

उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस के इरादे बहुत खतरनाक हैं। कांग्रेस के शहजादे ने साफ कर दिया है कि वो एससी /एसटी/ ओबीसी आरक्षण को खत्म करना चाहते हैं। इनके पिताजी जब कांग्रेस के सर्वेसर्वा थे, तभी उन्होंने आरक्षण हटाने का एलान कर दिया था।

लेकिन एससी/ एसटी/ ओबीसी की एकजुटता के कारण वे तब बुरी तरह चुनाव हार गए। तब से आज तक कांग्रेस को कभी भी केंद्र सरकार में पूर्ण बहुमत नहीं मिला। आज भी जिन राज्यों में एससी/ एसटी/ ओबीसी की आबादी ज्यादा है, वहां कांग्रेस का पत्ता साफ हो चुका है। इसलिए कांग्रेस ने एक नई साजिश रची है। कांग्रेस ने आपकी आंखों में धूल झोंकने का एक नया खेल खेला है।

## किसी भी पद पर रहे, मित्रता भाव हमेशा बनाए रखना : डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने कोटा में विद्यार्थियों के साथ साझा किए अपने अनुभव



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विद्यार्थियों को अपना जुनून हमेशा कायम रखना चाहिए। इच्छाशक्ति जितनी दृढ़ होगी, लक्ष्य उतना ही आसान होगा। उन्होंने कहा कि जीवन में किसी भी पद पर पहुंचे, मित्रता का प्रेमभाव हमेशा बनाए रखना। इसका सबसे अच्छा उदाहरण श्रीकृष्ण और सुदामा की दोस्ती का है। उनकी दोस्ती 11 वर्ष की उम्र में हुई थी और जब वे द्वारका के राजा बने तब भी उनकी दोस्ती ने दुनिया के सामने उदाहरण प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव राजस्थान के कोटा जिले में एलन शिक्षण संस्थान के समउन्नत भवन में विद्यार्थियों से चर्चा कर रहे थे। प्रारंभ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का विद्यार्थियों ने गजहार पहनाकर स्वागत किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लक्ष्य प्राप्ति का इससे अच्छा उदाहरण दूसरा नहीं हो सकता कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी गुजरात में पहली बार विधायक बनने के साथ ही मुख्यमंत्री बने और लगातार तीन बार मुख्यमंत्री रहे। मुख्यमंत्री के बाद वे पहली बार सांसद बनें और पहली बार में ही देश के प्रधानमंत्री बनें। इसके बाद लगातार सांसद बने और प्रधानमंत्री भी। उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में हैट्रिक भी बनाई। आर्थिक दृष्टि से गुजरात देश के अन्य राज्यों की तुलना में अग्रणी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मैंने अपने शैक्षणिक काल से ही अपना लक्ष्य समाज सेवा के रूप में निर्धारित किया था। वर्ष 1982 में मेरा चयन मेडिकल कॉलेज के लिए हो गया था, परंतु समाज सेवा के अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मैंने मेडिकल में प्रवेश न लेते हुए, बीएससी की उपाधि प्राप्त की। मैं यूनिवर्सिटी प्रेसिडेंट रहते हुए राजनीति में सक्रिय रह सका।

## मेरी और राज्य की छवि खराब करने के लिए खर्च कर रही करोड़ों रुपये, भाजपा पर सीएम सोरेन का आरोप



**रांची।** झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा के पहले चरण के लिए आज चुनाव हो रहे हैं। इस बीच, यहां के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा पर छाया अभियान के जरिए उनकी और राज्य की छवि खराब करने का आरोप लगाया। हालांकि, भगवा खेमे ने इस आरोप को खारिज करते हुए दावा किया कि झामुमो नेता ने विधानसभा चुनावों में पहले ही हार मान ली है।

सोरेन ने आरोप लगाया कि भगवा खेमा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर करोड़ों रुपये खर्च कर रहा है और राज्य में झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन के खिलाफ प्रचार करने के लिए 95 हजार व्हाट्सएप ग्रुप बनाए हैं। साथ ही दावा किया कि तानाशाहों के पास अरबों रुपये हो सकते हैं। मगर, हमारा मानना है कि गलत तरीकों से जीत हासिल करने के बजाय सिद्धांतों पर अडिग रहना बेहतर है।

मुख्यमंत्री पर पलटवार करते हुए भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता दीपक प्रकाश ने कहा, सोरेन के पोस्ट उनकी हताशा और निराशा को दिखाते हैं। वह समझ गए हैं कि वह लड़ाई हार चुके हैं और निराशा में ऐसी बयानबाजी कर रहे हैं। आरोप मनगढ़ंत, झूठे और सच्चाई से परे हैं।

ये आरोप उस समय लगाए गए जब राज्य में पहले चरण में 81 विधानसभा क्षेत्रों में से 43 पर मतदान हो रहा है। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा, मैं आपके सामने एक जरूरी रिपोर्ट पेश करना चाहता हूं। भाजपा ने छाया अभियान के जरिए मेरी और राज्य की छवि खराब करने के लिए फेसबुक विज्ञापनों पर करोड़ों रुपये खर्च किए हैं।

## गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये

**भोपाल।** भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के लिये गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2425 रूपये घोषित किया गया है। यह गत वर्ष से 150 रूपये अधिक है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने किसान भाईयों से आग्रह किया है कि अधिकाधिक क्षेत्र में गेहूं की बुवाई करें और बढ़ी हुई एमएसपी से अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त करें। रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिये अब किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिये विभाग द्वारा तैयारी प्रारम्भ कर दी गई है। इसके अंतर्गत गेहूं उपार्जन के लिए बारदाना, भंडारण, परिवहन की व्यवस्था की जा रही है।

## पहले चरण की 43 सीटों पर 64.86 फीसदी से अधिक मतदान, 10 सीटों पर 70 फीसदी से अधिक वोटिंग




**रांची।** झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा के पहले चरण के लिए आज मतदान कराए गए। पहले चरण में राज्य की 43 सीट पर सुबह सात बजे से मतदान शुरू हुआ। निर्वाचन आयोग की योजना के मुताबिक आधिकारिक तौर पर शाम पांच बजे वोटिंग समाप्त हो गई। हालांकि, कई बूथों पर शाम पांच बजे के बाद भी मतदाताओं की कतार लगी है, जिनके मतदान पूरे होने तक वोटिंग चलती रहेगी। आयोग के नियम के मुताबिक जिन मतदान केंद्रों पर वोटर शाम 5 बजे से पहले कतार में लग चुके थे, केवल उन्हीं बूथों पर मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की इजाजत मिलती है। चुनाव आयोग ने बताया कि रात आठ बजे तक झारखंड की 43 विधानसभा सीटों पर 65.78 फीसदी मतदान हुआ। आयोग के मुताबिक सभी सीटों पर अंतिम वोटिंग प्रतिशत आने में समय लगेगा। मतदान प्रतिशत वोटर टर्नआउट एप के आधार पर दिखाए जा रहे हैं। झारखंड में पर्यवेक्षक के रूप में तैनात भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी के खिलाफ चुनाव आयोग ने कार्रवाई की है। बिना अनुमति के घर लौटने के आरोपी राजस्थान कैडर के इस आईपीएस अधिकारी को चुनाव आयोग ने निलंबित करने का आदेश दिया है। पर्यवेक्षक के रूप में तैनात इस अधिकारी को झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए एक निर्वाचन क्षेत्र में तैनात किया गया था। राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के सूत्रों ने कहा कि चुनाव प्राधिकरण ने राज्य सरकार को निलंबित करने संबंधी निर्देश दिए हैं।

## सीआईएसएफ की पहली महिला बटालियन को केंद्र से मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सीआईएसएफ की महिला बटालियन बनाने की मंजूरी दे दी है। इस बटालियन में 1000 से अधिक महिलाएं शामिल होंगी। किसी भी इमरजेंसी में ये बटालियन कमांडो की तरह सुरक्षा देंगीं। फिलहाल देश में सीआईएसएफ की 12 बटालियन हैं, लेकिन इनमें एक भी महिला बटालियन नहीं है। यह पहली बटालियन होगी, जिसमें केवल महिलाएं होंगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को इस बटालियन के लिए मंजूरी दी। बटालियन में शामिल महिला सैनिक कमांडो की तरह एयरपोर्ट, दिल्ली मेट्रो, वीआईपीएस की सुरक्षा में तैनात होंगी।

## सुप्रीम कोर्ट की अजित पवार गुट को नसीहत

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बीच सुप्रीम कोर्ट ने एनसीपी अजित पवार गुट को नसीहत दी है। एनसीपी शरद की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एनसीपी अजित पवार अपने पैरों पर खड़ी हो। चुनाव में शरद पवार की फोटो का इस्तेमाल न करें। क्योंकि दोनों पार्टियों के बीच वैचारिक मतभेद हैं।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि शरद पवार और उनके भतीजे अजित पवार सुप्रीम कोर्ट के चक्कर लगाने की जगह चुनाव पर ध्यान दें। कोर्ट ने अजित पवार के वकील बलवीर सिंह से कहा कि अपने कार्यकर्ताओं से कहें कि चुनाव में शरद पवार की फोटो, पुरानी या नई वीडियो क्लिप का उपयोग न करें। अपने कार्यकर्ताओं, नेताओं और चुनाव से जुड़े प्रतिनिधियों के बीच ऑनलाइन सूचना जारी करके ऐसे निर्देश दें। मामले पर सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि हालांकि भारत के लोग बुद्धिमान हैं जो अजित पवार और शरद पवार के बीच अंतर समझते हैं।

## अमित शाह का सोनिया गांधी पर हमला

### कहा- 21वीं बार फिर क्रैश होगा आपका राहुल विमान

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में आरोपों-प्रत्यारोपों का दौर तेज हो गया। बुधवार को जिंतूर में एक जनसभा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोनिया गांधी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आपका राहुल बाबा नाम का विमान पहले 20 बार क्रैश हो चुका है। महाराष्ट्र चुनाव में एक बार फिर 21वीं बार क्रैश होने वाला है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सोनिया गांधी ने राहुल बाबा नाम के विमान को 20 बार उतारने की कोशिश की और 20 बार विमान क्रैश हो गया। अब 21वीं बार फिर से महाराष्ट्र चुनाव में विमान को उतारने क कोशिश की गई है। यह राहुल विमान 21वीं बार भी क्रैश होने जा रहा है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण सालों तक रोके रखने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने राम मंदिर बनवाया। औरंगजेब ने जिसे ध्वस्त कर दिया था, उस काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का निर्माण करवाया। अब आप गुजरात के सोमनाथ मंदिर आने के लिए तैयार रहें, क्योंकि यहां पर सोने का मंदिर बन रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मैंने चुनाव के दौरान विदर्भ, उत्तर महाराष्ट्र, पश्चिम महाराष्ट्र, कोंकण, मुंबई, मराठवाड़ा सभी जगहों का दौरा किया है। 23 नवंबर को महाराष्ट्र से महाविकास अघाड़ी का सफाया होने जा रहा है। यहां महायुति गठबंधन सरकार बनेगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी की पार्टी कांग्रेस और उनके सहयोगी जम्मू-कश्मीर में धारा 370 बहाल करना चाहते हैं। उन्होंने इसका प्रस्ताव पारित किया है। मगर राहुल गांधी ध्यान दें कि वो क्या, उनकी चौथी पीढ़ी भी धारा 370 को बहाल नहीं कर सकती। शाह ने कहा कि शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे उन लोगों के साथ गठबंधन में हैं जिन्होंने औरंगाबाद का नाम बदलकर छत्रपति संभाजीनगर करने का विरोध किया था।

## पीएम मोदी और योगी पर जमकर बरसे खरगे



**मुंबई।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों के लिए होने वाली वोटिंग में अब कुछ ही दिन बाकी है। राजनीतिक दल पूरे दमखम से चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। राज्य में महाविकास अघाड़ी और महायुति के नेता एक दूसरे पर जमकर निशाना साध रहे हैं। बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भारतीय जनता पार्टी और उसके वैचारिक मार्गदर्शक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्वतंत्रता संग्राम और देश की एकता में कोई भूमिका नहीं होने का आरोप लगाया। मल्लिकार्जुन खरगे ने सत्तारूढ़ पार्टी पर तीखा हमला करते हुए नारों बंटेंगे तो कटेंगे और एक हैं तो सुरक्षित हैं की आलोचना की। खरगे ने भाजपा नीत महायुति सरकार को चोरों की सरकार करार दिया और चुनाव में उसकी हार का आह्वान किया।

## गोवा कैश फॉर जॉब स्कैम में महिला गिरफ्तार

**पणजी।** गोवा के कैश फॉर जॉब स्कैम को लेकर आप और कांग्रेस ने सत्ताधारी भाजपा पर निशाना साधा है। दरअसल, दरअसल पोंडा पुलिस ने इस मामले में मंगलवार को श्रुति प्रभुगांवकर नाम की एक महिला को गिरफ्तार किया था। इसे लेकर आप ने कहा है कि यह महिला भाजपा नेता है। वहीं, कांग्रेस ने मामले में गोवा सीएम प्रमोद सावंत की पत्नी सुलक्षणा सावंत के शामिल होने की बात कही है। गोवा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चोडनकर ने कहा कि सीएम सावंत पूरे मामले की जिम्मेदारी लेनी होगी, वे खुद को इस मामले से अलग नहीं कर सकते हैं। गिरफ्तार की गई श्रुति प्रभुगांवकर ने खुद को पुलिस को बताया था कि वह नुवेम विधानसभा से भाजपा की महिला ब्लॉक अध्यक्ष है।

## भारत-सऊदी अरब के विदेश मंत्रियों की द्विपक्षीय बैठक

### रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर चर्चा

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर बुधवार को दिल्ली में सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद के साथ द्विपक्षीय बैठक की। बैठक में दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और भविष्य में सहयोग के लिए नए रास्ते तलाशने पर चर्चा की गई।

बैठक में जयशंकर ने कहा, हमारी साझेदारी प्रगति पर आधारित है और इसका फोकस भविष्य पर है। मुझे खुशी है कि आज हम दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी परिषद के तहत राजनीतिक, सुरक्षा, सामाजिक और सांस्कृतिक सहयोग पर आधारित समिति की दूसरी बैठक आयोजित कर रहे हैं। हमारे उच्च स्तरीय संपर्क और बहुपक्षीय मंचों पर समन्वय की गति बहुत अच्छी चल रही है। सऊदी अरब में भारतीय समुदाय के 26 लाख से ज्यादा लोग हैं और मैं आपके नेतृत्व में वहां उनके कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए धन्यवाद देता हूं। उन्होंने आगे कहा, हम लगातार प्रशिक्षण क्षमता निर्माण पर विचार-विमर्श करते रहे हैं और अब हमारा सहयोग रक्षा उद्योग व निर्यात तक बढ़ चुका है। इसके अलावा, सुरक्षा सहयोग में रणनीतिक बढ़ोतरी देखी जा रही है।

## दिशानिर्देशों का पालन किए बिना तोड़फोड़ नहीं होगी : सुको



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ बुलडोजर एक्शन पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए बुधवार को कहा कि उसने संविधान में दिए गए उन अधिकारों को ध्यान में रखा है, जो राज्य की मनमानी कार्रवाई से लोगों को सुरक्षा प्रदान करते हैं। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि कानून का शासन यह सुनिश्चित करता है कि लोगों को यह पता हो कि उनकी संपत्ति को बिना किसी उचित कारण के नहीं छीना जा सकता।

कोर्ट ने यह भी कहा कि उसने शक्ति के विभाजन पर विचार किया है और यह समझा है कि कार्यपालिका और न्यायपालिका अपने-अपने कार्यक्षेत्र में कैसे काम करती हैं। न्यायिक कार्यों को न्यायपालिका को सौंपा गया है और न्यायपालिका की जगह पर कार्यपालिका को यह काम नहीं करना चाहिए। कोर्ट ने आगे कहा, अगर कार्यपालिका किसी व्यक्ति का घर केवल इस वजह से तोड़ती है कि वह आरोपी है, तो यह शक्ति के विभाजन के सिद्धांत का उल्लंघन है। कोर्ट ने कहा कि जो सरकारी अधिकारी कानून को अपने हाथ में लेकर इस तरह के अत्याचार करते हैं, उन्हें जवाबदेही के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कार्यपालिका (सरकारी अधिकारी) किसी व्यक्ति को दोषी नहीं ठहरा सकती और न ही वह जज बन सकती है, जो किसी आरोपी की संपत्ति तोड़ने पर फैसला करे। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर किसी व्यक्ति को अपराध का दोषी ठहराने के बाद उसके घर को तोड़ा जाता है, तो यह भी गलत है, क्योंकि कार्यपालिका का ऐसा कदम उठाना अवैध होगा और कार्यपालिका अपने हाथों में कानून ले रही होगी। कोर्ट ने कहा कहा कि आवास का अधिकार एक मौलिक अधिकार है और किसी निर्दोष व्यक्ति को इस अधिकार से वंचित करना पूरी तरह असंवैधानिक होगा। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि किसी भी संपत्ति का विध्वंस तब तक नहीं किया जा सकता, जब तक उसके मालिक को पंद्रह दिन पहले नोटिस न दिया जाए। कोर्ट ने कहा कि यह नोटिस मालिक को पंजीकृत डाक के जरिए से भेजा जाएगा और इसे निर्माण की बाहरी दीवार पर भी चिपकाया जाएगा। नोटिस में अवैध निर्माण की प्रकृति, उल्लंघन का विवरण और विध्वंस के कारण बताए जाएंगे। इसके अलावा, विध्वंस की प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की जाएगी और अगर इन दिशा-निर्देशों का उल्लंघन होता है तो यह कोर्ट की अवमानना मानी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आम नागरिक के लिए अपने घर का निर्माण कई वर्षों की मेहनत, सपने और आकांक्षाओं का परिणाम होता है। घर सुरक्षा और भविष्य की एक सामूहिक आशा का प्रतीक है और अगर इसे छीन लिया जाता है, तो अधिकारियों को यह साबित करना होगा कि यह कदम उठाने का उनके पास एकमात्र विकल्प था। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने एक अंतरिम आदेश जारी किया था, जिसमें अधिकारियों को निर्देश दिया गया था कि जब तक कोर्ट से अगला आदेश न मिले, तब तक वे किसी भी तरह के विध्वंस अभियान को रोंके। हालांकि, यह आदेश अवैध निर्माणों खासतौर पर सड़क और फुटपाथ पर बने धार्मिक ढांचों पर लागू नहीं था।

# पिछड़े वर्ग के लिए संचालित सभी योजनाओं का मिले लाभ : कुसमारिया

**सिंगरौली।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ पिछड़े वर्ग के पात्र हितग्राहियों को दिया जायें। तथा जो भी पिछड़ा वर्ग के छात्रावासो में जो भी आवश्यकताएं है उसे भी सुधार कराया जायें। योजनाओं का लाभ देकर हमे सबकों आगे बड़ाना है। तभी हमारा विकशित राष्ट्र बनेगा।उक्त आशय का वक्तव्य जिले के प्रवास पर आयें हुये पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमारिया द्वारा एनटीपीसी सूर्याभवन में आयोजित जिलाधिकारियों के बैठक के दौरान दिया गया।बैठक के दौरान देवसर विधानसभा के विधायक राजेन्द्र मेश्राम, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेंय, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, पूर्व विधायक रामलल्लू बैस, भाजपा जिलाध्यक्ष



रामसुमिरन गुप्ता की गरिमामय उपस्थित रही।

बैठक के दौरान आयोग के अध्यक्ष श्री कुसमारिया ने कहा कि उक्त वर्ग के युवाओं को रोजगार के मुख्यधारा से जोड़े साथ ही इनकी जो भी समस्या हों उसका भी निदान किया जायें। तथा छात्र छात्राओं के लिए छात्रावासों की सख्या बडई जाये।बैठक के प्रारंभ में पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक के सहायक संचालक योगेन्द्र राज के द्वारा उक्त वर्ग के लिए संचालित योजनाओं सहित जिलें क्रियान्वन के प्रगति के संबंध में अवगत कराया गय।वही विधायक देवसर के द्वारा भी संबंधित विभाग के अधिकारी को सुझाव दिये कि जो भी समस्या हो उसे हम लोगो को अवगत करायें साथ ही योजनाओं अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी कराये।ताकि उक्त वर्ग के युवाओं को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। वही शासन द्वारा इस वर्ग के छात्र छात्राओं को विदेश में भी शिक्षा देने का जो प्रावधान है।उसका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कराये जाने का सुझाव दिया गय।बैठक के अंत में कलेक्टर श्री शुक्ला ने आयोग के अध्यक्ष को अश्वस्त किया कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा उक्त वर्ग के लिए संचालित सभी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ प्रदान कराया जायेगा।साथ ही आपके द्वारा जो सुझाव दिया गया है।उनका पालन किया जायेगा।बैठक के दौरान अपर कलेक्टर पी.के सेन गुप्ता, एसडीएम सृजन बर्मा, नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी, उपसंचालक कृषि आशीष पाण्डेंय, उपायुक्त सहकारिता पी.के मिश्रा, डीपीओ राजेश गुप्ता, जिला परिवहन अधिकारी बिक्रम सिंह राठौर, डीईओ एसबी सिंह, उप संचालक उद्यानिकी एच.एल निमोरिया, एसडीओ वन विभाग एन.के त्रिपाठी, डिप्टी कमिश्नर नगर निगम आरपी बैस, लोक सेवा प्रबंधक रमेश पटेल महाविद्यालय के प्राचार्य एम.यू सिद्दीकी सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# समाधान एवं सीएम हेल्पलाइन में लंबित आवेदनों का संतुष्टि पूर्वक करें निराकरण : कलेक्टर

सिंगरौली

समाधान एवं सीएम हेल्पलाईन में लंबित आवेदन पत्रों का अभी भी कुछ विभागीय प्रमुखों के द्वारा लक्ष्य के अनुरूप निराकरण नही किया गया है जिससे जिले की रैकिंग प्रभावित होगी संबंधित अधिकारी संतुष्टि पूर्वक, गुणवत्ता पूर्ण निराकरण किया जाना सुनिष्चित करें उक्त आषय का निर्देष कलेक्टेट सभागार में राजस्व अधिकारियों सहित विभागीय जिला अधिकारियों के बैठक के दौरान कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के द्वारा निर्देष दिये गये हैं।



कलेक्टेट सभागार में कलेक्टर श्री शुक्ला के अध्यक्षता में समाधान एवं सीएम हेल्पलाईन में लंबित षिकायतों के निराकरण सहित जनसुनवाई के लंबित आवेदन पत्रों के निराकरण की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर ने विभागवार लंबित शिकायतों के प्रगति की जानकारी लेने के पष्चात् निर्देष दियें कि अभी भी कुछ विभागों के द्वारा षिकायतों का निराकरण नही किया गया है जो अत्यंत ही खेद जनक है। संबंधित अधिकारी दो दिवस के अंदर लक्ष्य के अनुरूप निराकरण कराया जाना सुनिष्चित करें अन्यथा नियमानुसार शस्ति अधिरोपण की कार्यवाही की जावेगी। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को इस आषय के निर्देष दिये कि सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा के जो भी प्रकरण लंबित हो। उनका निराकरण कराया जाना सुनिष्चित करें। बैठक के दौरान संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सिंगरौली सृजन वर्मा, एसडीएम माड़ा राजेष शुक्ला नगर निगम आयुक्त डी के शर्मा, तहसील सिंगरौली नगर रमेष कोल, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी, मुख्यचिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा एन के जैन, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास राजेश राम गुप्ता, जिला प्रबंधक लोक सेवा रमेश पटेल आदि उपस्थित रहें।

# लावारिश शवों का अंतिम संस्कार करने का बीड़ा उठाने वाली फौजी सेवा संगठन का राज्यमंत्री ने की सराहना




**सिंगरौली।** फौजी सेवा संगठन ने बीते दिनों जिला कलेक्टर को एक पत्र सौंपकर जिले में लावारिश शवों के दाह संस्कार हेतु निवेदन किया था। संगठन अब लावारिश शवों का अंतिम संस्कार करेगी।?संगठन द्वारा किये जा रहे इस सराहनीय कार्य पर प्रदेश की पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री राधा सिंह ने सराहना की है।श्रीमती राधा सिंह द्वारा संगठन को दिये गये प्रशस्ति पत्र में संगठन के सभी पदाधिकारियों तथा सदस्यो का अभिनंदन करते हुये सराहना की है।

ज्ञात हो कि फौजी सेवा संगठन एक सामाजिक संगठन है जिसके अध्यक्ष सेवानिवृत्त सैनिक सुरेश कुमार, सचिव नीरज पाण्डेय, अमित पाण्डेय, कोषाध्यक्ष शशिदेव पाण्डेय, उमेश विश्वकर्मा, ज्योति शर्मा आदि के द्वारा संचालित किया जाता है तथा संगठन सदैव समाजिक कार्यों में सहभागिता करती है। इस दौरान अध्यक्ष सुरेश कुमार ने बताया कि संगठन सभी धार्मिक और सामाजिक रीति रिवाजों का पालन करते हुये लावारिश शवों का अंतिम संस्कार करेगी। उन्होने लावारिश शवों की जानकारी संगठन को प्रदान करने की मांग की है।

# स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित विंध्य मसाला यूनिट का किया शुभारंभ

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विध्यांचल द्वारा अपनी नैगम सामाजिक दायित्व के तहत परियोजना के आसपास की ग्रामीण महिलाओ को स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इसी कड़ी में 13 नवम्बर को अध्यक्षा,संयुक्ता महिला समिति श्रीमती किरण सिंह ने एनटीपीसी विंध्याचल नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत सुहासनी संघ के सौजन्य से स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित मसाला उत्पादन यूनिट का उदघाटन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना एवं स्व सहायता समूह का निर्माण कर मशाला उत्पाद सामग्री को मार्केट में बिक्री करने हेतु मशाला



प्रोडक्शन यूनिट की स्थापना कर मार्केटिंग हेतु डिजिटल प्लेटफार्म उपलब्ध कराना है ।इससे पूर्व सूर्या भवन अतिथि गृह में अध्यक्षा,(सुहासिनी संघ) श्रीमती सरोजा फणि कुमार द्वारा अध्यक्षा(संयुक्ता महिला समिति) श्रीमती किरण सिंह, अध्यक्षा (उत्तरा महिला क्लब) श्रीमती विजया राव, अध्यक्षा (वर्तिका महिला मण्डल) श्रीमती अनीता मेदिरत्ता, अध्यक्षा (वनिता समाज) श्रीमती पीयूषा अकोटकर, वरिष्ठ सदस्या (संयुक्ता महिला समिति) श्रीमती सुनीता जयकुमार श्रीनिवासन, श्रीमती मीनाक्षी श्रीवास्तव, श्रीमती आभा जाडली, श्रीमती अनुपमा श्रीवास्तव, वरिष्ठ सदस्या(उत्तरा महिला क्लब) श्रीमती संगीता सिन्हा रॉय और अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत परियोजना के अतिथि गह सूर्या भवन मे पुष्पगुच्छ प्रदान कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्षा(संयुक्ता महिला समिति) श्रीमती किरण सिंह, अध्यक्षा (उत्तरा महिला क्लब) श्रीमती विजया राव, अध्यक्षा (वर्तिका महिला मण्डल) श्रीमती अनीता मेदिरत्ता, अध्यक्षा (वनिता समाज) श्रीमती पीयूषा अकोटकर, अध्यक्षा,(सुहासिनी संघ) श्रीमती सरोजा फणि कुमार, वरिष्ठ सदस्या (संयुक्ता महिला समिति) श्रीमती सुनीता जयकुमार श्रीनिवासन, श्रीमती मीनाक्षी श्रीवास्तव, श्रीमती आभा जाडली, श्रीमती अनुपमा श्रीवास्तव, वरिष्ठ सदस्या(उत्तरा महिला क्लब) श्रीमती संगीता सिन्हा रॉय और उपाध्यक्षा (सुहासिनी संघ एनटीपीवी विंध्याचल) श्रीमती नीता शर्मा व श्रीमती सारिका चतुर्वेदी के साथ-साथ सुहासिनी संघ की अन्य पदाधिकारी एवं सदस्याओं के साथ-साथ कार्यपालक (सीएसआर) निखिल जायसवाल, मसाला उत्पादन यूनिट के लिए बनाए गए स्व-सहायता समूह के सदस्य के साथ-साथ सीएसआर टीम के अन्य सदस्यगण भी उपस्थित रहे । बता दे कि एनटीपीसी विध्यांचल सीएसआर द्वारा पूर्व में भारतीय उद्यमिता विकास के सहयोग से 2 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया था। उन्ही समूह कि महिलाओ हेतु भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान ईडीआईआई के माध्यम से सुहासिनी संघ के तत्वाधान में मशाला उत्पादन यूनिट का स्थापना किया गया।

# नशे के सौदागरों के खिलाफ कोतवाली पुलिस की कार्यवाही

## एक आरोपी गिरफ्तार, करीबन 5 लाख रूपये की स्मैक बरामद

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता द्वारा अवैध मादक पदार्थ के परिवहन एवं बिक्री करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरी. अशोक सिंह परिहार एवं उनकी गठित टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ हिरोइन-स्मैक के तस्कर पर प्रभावी कार्यवाही की गई।



जानकारी मे बताया गया कि 13 नवम्बर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी चंद्र प्रकाश शाह पिता खजांती प्रसाद शाह उम्र 32 वर्ष सा. बलियरी थाना बैढ़न जिला सिंगरौली का अवैध मादक पदार्थ हेरोइन-स्मैक बिक्री रखा है मुखबिर की सूचना विश्वसनीय होने की वजह से तत्काल सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश पर तत्काल टीम गठित कर रेड कार्यवाही की गई आरोपी चंद्र प्रकाश शाह पिता खजांती प्रसाद शाह उम्र 32 वर्ष बलियरी के कब्जे से 48 ग्राम मादक पदार्थ हिरोइन कीमती करीबन 500000 रूपये की बरामद होने पर धारा 8/21,22 एनडीपीएस एक्ट मे जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। आरोपी चंद्र प्रकाश शाह पिता खजांती प्रसाद शाह उम्र 32 वर्ष सा. बलियरी के विरूध्द पूर्व मे भी मादक पदार्थों के बिक्री के कई प्रकरण पंजीबध्द है। आरोपी से अबैध मादक पदार्थ हिरोईन की खरीद फरोख्त करने वाले ब्यक्तियों के संबंध मे जानकारी प्राप्त कर विवेचना की जा रही है। उक्त कार्यवाही मे निरी. अशोक सिंह परिहार, उनि अभिषेक पाण्डेय, सउनि अरविन्द द्विवेदी, सउनि पप्पू सिंह, प्रआर धर्मेन्द्र रावत, राजेश सिंह, जितेन्द्र सेंगर आर. अभिमन्यू उपाध्याय प्रियंका गुप्ता, बंदना तिवारी का सराहनीय योगदान रहा।

# दिलीप जायसवाल, राज्यमंत्री (स्वतंत्र) प्रभार का जिले में आगमन आज

सिंगरौली

दिलीप जायसवाल राज्यमंत्री (स्वंतत्र प्रभार) कुटीर एवं ग्रामोउद्योग विभाग मध्यप्रदेष शासन भोपाल का जिले में आगमन दिनांक 14 नवम्बर 2024 को प्रात: 10.00 बजे होगा। जारी कार्यक्रम के तहत मंत्री का प्रात: 10.00 बजे जियावन आगमन होगा तथा रामधनी ढावा पर स्वागत पष्चात् देवसर के लिए प्रस्थान करेगें प्रात: 10.15 बजे देवसर आगमन एवं विधायक विष्वामित्र पाठक के निवास पर स्वजन भेंट तथा 10.30 बजे प्रात: देवसर से बैढ़न के लिए प्रस्थान 11.15 बजे बैढ़न आगमन एवं भाजपा कार्यालय आगमन तथा कार्यकर्ताओं से सौजन्य भेंट करेगें दोपहर 12.00 बजे एनटीपीसी सूर्या भवन विन्ध्यनगर आगमन एवं आरक्षित 2.30 बजे दोपहर रामलीला मैदान बैढ़न में भगवान सहस्त्रबाहू जी की जयंती में भाग लेगें तथा 5.30 बजे शायं बरका के लिए प्रस्थान 6.15 बजे सायं बरका आगमन व्हाया बरगवां-झुरही एवं सियाराम जायसवाल के निवास पर सौजन्य भेंट शायं 6.30 बजे बरका सिंगरौली से बिजुरी जिला अनूपपुर के लिए प्रस्थान करेगें।

# दिव्यांग संतराम पनिका का सचिव पद पर हुई नियुक्ति

सिंगरौली

जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश ने जानकारी देते हुए बताया है कि संचालक सह आयुक्त पंचायत राज्य संचानालय भोपाल के निर्देषानुसार सिंगरौली जिले में दिव्यांग ग्राम पंचायत सचिव के एक पद अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए वाक इन इंटरव्यू के माध्यम से भर्ती हेतु नियत तिथि 11 नवम्बर 2024 को इच्छुक उम्मीदवारों को अनिवार्य दस्तावेजों सहित आमंत्रित किया गया। जिसमें कुल 51 अभ्यर्थी अपने दस्तावेज सहित उपस्थित हुए। जिनका चयन समिति द्वारा परीक्षण किया गया। परीक्षण उपरांत 35 अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु पात्र पाये गये चयन समिति द्वारा पात्र अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। जिसमें अभ्यर्थी संतराम पनिका पिता रामदास पनिका वर्ग अजजा निवासी ग्राम गजरा बहरा पोस्ट खनुआटोला तहसील सरई जिला सिंगरौली का चयन पंचायत सचिव दिव्यांग (दृष्टि) बाधित पद पर किया गया । चयन समिति द्वारा पदस्थापना अभ्यर्थी का ग्राम पंचायत कर्थुआ जनपद पंचायत चितरंगी में की गई है।

# कलेक्टर ने अक्टूबर में सेवानृवित्त हुये 7 शासकीय सेवकों को पीपीओं जारी कर दी विदाई

## शासकीय कर्मी आने वाले दूसरे पड़ाव के अमूल्यक क्षण अपने परिवार एवं समाज की सेवा में दें : कलेक्टर

**सिंगरौली।** कलेक्टेर चन्द्रशेंखर शुक्ला के उपस्थिति में माह अक्टूबर में 2024 में सेवानिवृत हुयें 7 शासकीय सेवकों का विदाई सम्मा न समारोह कलेक्ट्रे ट सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टेर शुक्ला द्वारा सेवानिवृत्तस हुए शासकीय सेवकों को श्रीफल एवं पीपीओं भेंट कर भावभीनी विदाई गई। सम्माकन समारोह में कलेक्टतर श्री शुक्ला ने कहा कि सेवानिवृत्तं शासकीयकर्मी आने वाले दूसरे पड़ाव के अमूल्ये क्षण अपने परिवार एवं समाज की सेवा में दें। उन्होंकने कहा कि सकारात्मवक सोच के साथ प्रसन्नचित होकर समाज की भलाई के काम करें।



साथ ही अपने स्वोस्य्त् एवं शरीर पर विशेष ध्याान दें। उन्हों ने सेवानिवृत्तय हुए शासकीय सेवकों को उज्जअवल भविष्य् के लिए शुभकामनाएं दी। उल्ले खनीय है माह माह अक्टूबर में सेवानिवृत हुयें उदय नारायण सिंह प्राचार्य हाई स्कूल विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी देवसर, सत्यनारायण पटेल सहायक वर्ग 1 जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकस विभाग, रामायण प्रसाद शर्मा सहायक वर्ग 2 प्राचार्य आईटीआई बैढ़न, सूर्यबली सिंह अपर डिविजन टीचर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, भूनेश्वर प्रसाद पाण्डेंय सहायक शिक्षक तथा कैलाश प्रसाद द्विवेदी अपर डिविजन शिक्षक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी देवसर , केशव प्रसाद अग्निहोत्री भूमि संरक्षण अधिकारी सहायक भूमि सर्वेक्षण अधिकारी देवसर को श्रीफल एवं पीपीओ भेट कर विदाई दी गई।कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, जिला पेशनर अधिकारी श्रीकांत त्रिपाठी, डीपीओं राजेश गुप्ता, प्राचार्य आईटीआई उपस्थित रहे।


## कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय बैढ़न, जिला सिंगरौली (मध्यप्रदेश)

क्रमांक/सि.स./भन्डार शाखा/2024/6322 सिंगरौली, दिनांक 13/11/2024

**निविदा आमंत्रण**

जिला चिकित्सालय बैढ़न जिला सिंगरौली में अनुपयोगी उपकरण/ फर्नीचर एवं अन्य हॉस्पिटल सामग्री जो जहां है जैसी स्थिति में है के विक्रय हेतु ऑफलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदाओं विस्तृत विवरण जिला चिकित्सालय बैढ़न जिला सिंगरौली के भन्डार शाखा में देखा जा सकता है निविदा प्रपत्र भन्डार शाखा से निर्धारित भुगतान दर से 500/-(पांच सौ रुपये मात्र) जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्रमांक | निविदा का विषय | निविदा प्रारूप प्राप्त करने का आरंभ दिनांक/समय | निविदा जमा करने का दिनांक/समय | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला चिकित्सालय बैढ़न जिला सिंगरौली में अनुपयोगी उपकरण का विक्रय | 14.11.2024 के 10 बजे से | 23.11.2024 के शाम 05.00 बजे तक | ऑफ लाइन |

सिविल सर्जन
सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक बैढ़न
जिला सिंगरौली (म.प्र.)

# पूरी संवेदनशीलता के साथ योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें : प्रभारी मंत्री

## योजनाओं के क्रियान्वयन में उदासीनता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जावेगी



**सीधी।** प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल द्वारा सीधी प्रवास के दौरान सभी विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। चार घंटे चली मैराथन बैठक में प्रभारी मंत्री ने प्रत्येक योजना की गहन समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि शासन द्वारा सभी वर्गों के हितार्थ जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। पूरी संवेदनशीलता के साथ योजनाओं का क्रियान्वयन करें तथा सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को सहजता से मिले। सभी खण्ड स्तरीय अधिकारी अपने मुख्यालय में रहेंगे। जिला एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी अधिक से अधिक फील्ड भ्रमण करेंगे तथा वास्तविक हितग्राहियों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करेंगे। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता तथा समय-सीमा का विशेष ध्यान रखेंगे। सभी शासकीय संस्थाओं का समय पर संचालन हो तथा नागरिकों को गुणवत्ता युक्त सेवाएं प्रदान की जाएं। बैठक में सांसद डॉ राजेश मिश्रा, विधायक सिहावल श्री विश्वामित्र पाठक, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती मंजू सिंह, विधायक प्रतिनिधि विधानसभा क्षेत्र धौहनी, सीधी एवं चुरहट द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाइयों तथा समस्याओं के बारे में अवगत कराते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।

जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि हर घर तक नल से शुद्ध पेयजल की पहुंच सुनिश्चित करना माननीय प्रधानमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का पूरी निष्ठा और गंभीरता से क्रियान्वयन सुनिश्चित करायें। शासन द्वारा जो मापदण्ड निर्धारित किए गए हैं उनका कड़ाई से पालन करायें। उन्होने जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर प्रत्येक विकासखण्ड में 10-10 ग्राम पंचायतों के जल जीवन मिशन अंतर्गत किए गए कार्यों का निरीक्षण करने तथा मापदण्ड अनुरूप कार्य नहीं पाए जाने पर कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। हैण्डपंपो के संधारण के संबंध में गलत जानकारी प्रस्तुत करने पर प्रभारी मंत्री ने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों के पालन में अपर कलेक्टर द्वारा नोटिस जारी किया गया है।

इसी प्रकार प्रभारी मंत्री ने कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को बिना पूर्व सूचना के बैठक से अनुपस्थित रहने तथा अपूर्ण जानकारी प्रस्तुत करने को गंभीरता से लेते हुए कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए हैं। प्रभारी मंत्री ने निर्माण एजेन्सियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया है कि सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता तथा समय-सीमा का विशेष ध्यान रखें। निर्माण एजेन्सी के साथ-साथ संबंधित विभागीय अधिकारियों की भी जिम्मेदारी है कि वह कार्यों का नियमित निरीक्षण करें तथा उसकी वास्तविक स्थिति से कलेक्टर को अवगत करावें। सीधी-सिंगरौली राष्ट्रीय राजमार्ग की धीमी प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। महान परियोजना के बहरी क्षेत्र के भू-अर्जन की कार्यवाही 30 नवम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश हैं। एलाइमेंट संबंधी शिकायतों की जांच उन्होने संयुक्त दल के माध्यम से करने के निर्देश दिए हैं। विद्युत विभाग के अधिकारियों को सभी बसाहटों में विद्युत कनेक्शन, सतत विद्युत आपूर्ति तथा खराब ट्रांसफार्मर को बदलने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। प्रभारी मंत्री ने जिले मे सौर ऊर्जा के लिए विकल्पों को तलाशने के निर्देश दिए हैं। शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ उपखण्ड अधिकारी(राजस्व), तहसीलदार एवं अन्य अधिकारियों को विद्यालयों का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

# नाबालिग के साथ हुआ दुष्कर्म, मामला दर्ज

सीधी

जिले के बहरी थाना अंतर्गत एक किशोरी के साथ दुष्कृत्य करने को लेकर मामला दर्ज हुआ है। घिनौना कृत्य करने वाले आरोपी के गिरफ्तार होने की जानकारी मिली है। यह मामला बहरी थाना अंतर्गत खुटेली गांव का होना बताया जा रहा है। पीड़िता को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

दरअसल यह मामला 5 नवंबर का है, जहां देर रात 13 साल की किशोरी अपने घर के पास काम कर रही थी। अभी रात के अंधेरी का फायदा उठाकर दो आरोपियों ने उसके साथ दुष्कर्म किया और फिर बेहोशी की हालत में वहां से छोडक़र भाग गए। घटनाक्रम की जानकारी किशोरी ने अपने माता-पिता को दी। जहां माता-पिता ने इसकी सूचना बहरी थाने में फोन के माध्यम से दी और इलाज के लिए गंभीर हालत में जिला अस्पताल सीधी में भर्ती कर दिया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। दुष्कर्म पीड़िता किशोरी ने जानकारी देते हुए बताया है कि मैं रात 9 बजे गाय बैल को भगाने के लिए अपने घर के बाहर गई थी। पापा घर में नहीं थे तो मैं टॉर्च लेकर पशु भगाने के लिए बाहर निकली, क्योंकि घर के सामने खेती कट कर रखी हुई थी। वहीं पीछे से वे लोग आए और मेरा मुंह बंद करके अरहर के खेत में पटक दिए और बोले कि घर में बताओ गी तो तुम्हारी जान ले लेंगे। उसके बाद संजय रजक हाथ पकड़ा था और लालू कोल गलत काम कर रहा था। जब ज्यादा ब्लड बहने लगा तो सब छोड़ कर भाग गए। इसके बाद मैं किसी तरह से घर गई और अपनी मम्मी से यह सब बताई।

फिलहाल अस्पताल चौकी से मिली जानकारी के अनुसार मामला जीरो में दर्ज कर लिया गया है और बहरी थाने में मामले को भेज दिया गया है। इसके अलावा एक आरोपी की गिरफ्तारी 6 नवंबर को ही हो गई थी तथा दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी कल मंगलवार की देर शाम हुई है। जिसे आज बुधवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### थाना प्रभारी जानकारी देने से करते रहे परहेज

इस मामले में बहरी थाना प्रभारी राकेश बैस दो दिनों से संपर्क करना चाहा लेकिन जानकारी देने से परहेज करते नजर आ रहे हैं। कहीं दबाव रहा होगा या फिर मीडिया अथवा आम जनता का फोन उठाने से वे परहेज कर रहे हैं। कारण जो भी हो इस घटना को लेकर दो दिनों से जानकारी लेनी चाही गई तो वह फोन उठाने से लगातार परहेज कर रहे हैं। जबकि मैने उनके व्हाट्सएप नंबर में भी संबंधित मामले की जानकारी देकर उल्लेखित किया है कि दुष्कृत्य के मामले में क्या कार्यवाही की गई इसके बाद भी वह कोई जवाब नहीं दिए। थाना प्रभारी बहरी द्वारा फोन न उठाना उनका क्या मकसद रहा यह तो वही जानेंगे।

# गणेश स्कूल के 4 खिलाड़ी राज्यस्तर में चयनित



**सीधी।** विगत 3 से 7 नवंबर को जबलपुर मे 68वीं शालेय राज्यस्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें रीवा संभागीय टीम से श्री गणेश स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल पडऱा के 7 खिलाड़ी सम्मिलित हुए थे। उक्त प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न वर्गों में 4 खिलाडिय़ों ने अपनी खेल प्रतिभा का परिचय देकर दमखम दिखाया और पदक हासिल कर स्थान बनाया है। खिलाडिय़ों के वापस लौटने पर विद्यालय परिवार ने उन्हें सम्मानित किया। पदक विजेता खिलाडिय़ों के 14 वर्ष बालक वर्ग में हिमांशु सिंह व प्रवीण साहू ने रजत पदक एवं 17 वर्ष बालिका वर्ग में समृद्धि चौबे व साक्षी तिवारी ने कास्य पदक जीते। जीत हासिल करने वाले प्रतिभागियों को मेडल व शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। पदक विजेता खिलाडिय़ों एवं उनके प्रशिक्षक सूरज शुक्ल को श्री गणेश ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस के डायरेक्टर नीरज शर्मा, असिस्टेंट डायरेक्टर अरुण ओझा, प्राचार्य डॉ. महेंद्र कुमार तिवारी एवं एचएम माएमा सिमन्स ने हर्ष जताते हुए सराहना की और उन्हें बधाई दी। इस मौके पर खेल प्रशिक्षकों में तरुणनाथ मिश्र, सूरज शुक्ल, सुभाष शुक्ल, माखनलाल मिश्र, प्रियंका सिंह, अंकुर मिश्र, विश्वास पाण्डेय एवं समस्त स्टॉफ ने शुभकामना प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# कार्तिकेय भगवान का मना स्थापना दिवस



**सीधी।** शहर के इकलौते कार्तिकेय मंदिर वेटरिनरी हॉस्पिटल के पास सिंगरौली रोड में स्थित है, जहां कार्तिक माह के अंतिम मंगलवार को कार्तिकेय भगवान के मंदिर की स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान 12 घंटे का अखंड कीर्तन एवं दिन बुधवार को विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जहां कीर्तन में मुख्य रूप से मंदिर समिति की महिला अध्यक्ष एवं श्री गुरु बजरंग संघ मातृशक्ति प्रदेश संयोजिका श्रीमती गुडिय़ा पाण्डेय कलश स्थापना करती हुई। अखंड संकीर्तन का शुरुआत की। तत्पश्चात महिला मंडली श्रीमती विमल तिवारी, श्रीमती प्रीति उपाध्याय, श्रीमती चंद्रावती सिंह, श्रीमती मीनू सिंह, श्रीमती उर्मिला शर्मा, श्रीमती रानू सिंह, श्रीमती विमल पटेल, श्रीमती सुनीता पटेल, श्रीमती पूनम पाण्डेय आदि ने बताया कि 1996 में परिसर में व्यवस्था के रूप में मंदिर निर्माण एवं धार्मिक कार्यक्रम है समर्पित हैं।

# कबाड़ दुकान में लगी आग, लाखों की हुई नुकसानी

## नियम विरुद्ध तरीके से संचालित थी यह कबाड़ दुकान



**सीधी।** जहां सब लोग छोटी दीपावली मना रहे थे आतिशबाजी के दौरान एक बड़ा हादसा भी हुआ जिसमें कि नाग मंदिर के आगे एक कबाड़ व्यवसायी के दुकान में आग लग गई। जिसे देखते-देखते आग इतनी तेज हो गई कि काबू पाना मुश्किल हो गया था। शहर की बीचो-बीच एक दो मंजिला मकान में अचानक भीषण आग लग गई जिसकी वजह से धू-धूकर पूरा मकान जलने लगा। देखते ही देखते इस कदर से धुआं उठा कि पूरे शहर को उसने अपनी चपेट में ले लिया। घटना की जानकारी मिलते ही समाजसेवी डॉ. अनूप मिश्रा तत्काल मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड बुलाकर आग पर काबू पाने के लिए प्रयास कराया गया।

दरअसल पूरा मामला सीधी शहर का है जहां वार्ड क्र 9 के पास सूखा नाला के समीप ही कबाड़ी की दुकान में अचानक आग लग गई। जिसकी वजह से कबाड़ का सामान जलकर राख मे तब्दील हो गया। जानकारी लगते ही फायर ब्रिगेड की टीम को सूचना दी गई। जिसके बाद मौके पर फायर ब्रिगेड पहुंची और उसे बुझाने की कोसिस कर रही है। 1 घंटे से ज्यादा का समय हो गया है पर अभी तक आग पर काबू पाया नहीं जा सकता है। वहीं पूरे मामले को लेकर थाना प्रभारी कोतवाली अभिषेक उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया है कि सीधी शहर के बीचों-बीच यह आग लगी है अभी आग लगने का कारण अज्ञात है। साथी वहां सामान रखा हुआ था लेकिन वह दुकान बंद थी। अभी तक इस बात की जानकारी नहीं लग पाई है कि वह दुकान किसकी है फिलहाल सबसे प्राथमिक चीज यह है कि आग पर काबू पाया जा सके। जहां आग बुझाने के लिए भारतीय की टीम मौके पर पहुंच गई है।

### बीच बाजार में नहीं होनी चाहिए कबाड़ की दुकान

यह भी जानकारी मिली है कि कबाड़ी की दुकान नियम विरुद्ध बीच मोहल्ले में नहीं होनी चाहिए लेकिन जिसकी दुकान है उससे प्रशासन भी संकोच करता है। यह बड़ी बात है कि बड़ी घटना घटने से बच गई। बताया गया है कि जिस कबाड़ की दुकान में आग लगी वहां प्लास्टिक की ज्यादा सामग्रियां थी जिस वजह से आग पर काबू पाने के लिए काफी मशक्कत भी करनी पड़ी।

# सीधी जिले में भारतीय मजदूर संघ की 70 वर्षो की गाथा का प्रचार



**सीधी।** भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के जिला मंत्री दीपनारायण द्विवेदी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि भारतीय मजदूर संघ की 70 वर्षो की उपलब्धियों और संघर्षों को गाँव-गाँव में प्रचारित करने के लिए सीधी जिले में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में बीएमएस के जिला पदाधिकारियों ने उठाएँ मजदूरों के हितों को लेकर रणनीति बनाई गई। सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा जी का पूजन अर्जन कर श्रम गीत का गायन किया गया। श्रम गीत के पश्चात जिला मंत्री श्री द्विवेदी द्वारा मंच संचालन कर बैठक को गति प्रदान की। बैठक में 01-15 दिसम्बर 2024 श्रमिक संपर्क अभियान हेतु जिल, तहसील एवं ब्लाक स्तर की संपर्क टोलियां का निर्माण, 01-21 जनवरी 2025 निधि संग्रह अभियान, जिले में नवीन यूनियन पंजीयन एवं जिले में पंजीकृत यूनियनों के अभिलेख के विषय पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के मुख्य अतिथि भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) प्रदेश कार्य समिति सदस्य डीपी दुबे ने 70 वर्षों की कार्यकाल का उद्बोधन देते हुए, कहा, भारतीय मजदूर संघ ने पिछले सात दशकों में श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा, उनके विकास और कल्याण के लिए अनगिनत संघर्ष किए हैं। यह समय है कि हम अपने इस सफर को न केवल याद करें, बल्कि इसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने के लिए ठोस कदम उठाएँ।

श्री दुबे ने कहा कि मजदूर संघ ने श्रमिकों के लिए जो सुरक्षा और सुविधाएँ उपलब्ध कराई हैं, वे अद्वितीय हैं। संघ ने हमेशा श्रमिकों के हक की लड़ाई लड़ी है, चाहे वह वेतन में वृद्धि हो या कार्यस्थल पर बेहतर सुविधाएँ प्रदान करने की बात। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने सहमति जताई कि अब समय आ गया है कि इस 70 वर्षीय यात्रा की महत्ता को लोगों तक पहुँचाया जाए। बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया कि गाँव-गाँव में जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत बीएमएस की विभिन्न योजनाओं, उपलब्धियों और श्रमिकों के अधिकारों की जानकारी गाँव के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचाई जाएगी। यह अभियान विशेष रूप से युवाओं को ध्यान में रखकर चलाया जाएगा ताकि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें। डीपी दुबे ने अंत में सभी पदाधिकारियों को प्रेरित करते हुए कहा, आप सभी की मेहनत और समर्पण से ही हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। हम सभी को मिलकर इस 70 वर्षीय यात्रा को गर्व के साथ मनाना है और आगे की दिशा में नई उपलब्धियाँ हासिल करनी हैं।

# रेत से लदे वाहन पर पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही



**बहरी।** अवैध रूप से रेत का परिवहन करने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए दो वाहनों को जप्त कर मालिकों के खिलाफ कार्यवाही की गई है। जानकारी के अनुसार 13 नवंबर को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि ग्राम पोखरा में पोड़ी तरफ से एक टाटा 912 वाहन क्रमांक एमपी 53 जीए 4329 का चालक वाहन में चोरी का रेता लोड कर पोखरा तरफ आ रहा है। उक्त सूचना पर मुखबिर के बताये अनुसार पोड़ी पोखरा रोड़ कोटा के सामने पहड़ी में वाहन के आने का इंतजार किया, जो कुछ समय बाद मुखबिर के बताये अनुसार वाहन टाटा 912 लाल पीले रंग का आता दिखा। वाहन के पास जाकर देखा तो वाहन में रजिस्ट्रेशन नम्बर एमपी 53 जीए 4329 लेख था तथा वाहन के ट्राली में फुल बाडी रेता लोड होना पाया गया। चालक से उसका नाम पता पूंछा गया जो अपना नाम राकेश साहू पिता गंगा प्रसाद साहू उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम पोड़ी थाना बहरी का होना बताया। जिससे उक्त रेता के संबंध में वैध कागजात मांगे गये जो नहीं होना बताया। वाहन चालक से वाहन स्वामी का नाम, पता पूंछा गया जो स्वयं वाहन स्वामी होना बताया। वाहन चालक वाहन स्वामी राकेश साहू का जुर्म अपराध 303(2), 317(5) बीएनएस एवं 4/21 खान खनिज अधिनियम का अपराध घटित करना पाया गया। चालक/वाहन स्वामी को कागजात पेश करने हेतु समय दिया गया। बाद आरोपी चालक राकेश साहू के कब्जे से वाहन टाटा 912 क्रमांक एमपी 53 जीए 4329 फुल रेता लोड़ कीमती करीबन 12 लाख रुपये का समक्ष गवाहान उपरोक्त के मुताबिक जप्ती पत्रक के समय 9:50 बजे जप्त किया जाकर पुलिस कब्जे में लिया गया। आरोपी चालक/वाहन स्वामी राकेश साहू पिता गंगा प्रसाद साहू उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम पोड़ी थाना बहरी का जुर्म जमानती होने से धारा 35(3) बीएनएसएस की नोटिस तामील कर न्यायालय उपस्थित होने हेतु पाबंद किया गया।

# स्कूल में बच्चों को दी गई यातायात के नियमों की जानकारी



**सीधी।** यातायात के नियम और यातायात के संकेत महत्वपूर्ण कौशल है। जिन्हें हर बच्चे को कम उम्र में ही सीखना चाहिए। इन नियमों और संकेतों को सीखने से बच्चों को दुर्घटनाओं से बचने और सडक़ पर खुद को और दूसरों को सुरक्षित रखने में मदद मिल सकती है। इन्हीं सब बातों को ध्यान रखते हुए सीधी जिले के ग्रेस इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षकों द्वारा बच्चों को यातायात के नियमों एवं ट्रैफिक सिग्नल लाइट के बारे में बताया गया। बच्चों ने भी यातायात के नियमों को ध्यान से सुना। प्रधानाचार्या श्रीमती ऋचा झा ने बच्चों को बताया कि यातायात के नियमों के पालन से दुर्घटनाओं को टाला जा सकता है। इस दौरान समस्त शिक्षक-गण संजय त्रिपाठी, सौरभ सिंह, निवेदिता चटर्जी, प्रियंकी श्रीवास्तव, संध्या तिवारी, समता चतुर्वेदी, अनुष्का गौतम, एकता शुक्ला, अभिषेक भारती, मनीष रवि, दीक्षा केवट, पुष्पराज सिंह सोलंकी, प्रकाश पटेल, आकाश झा, अरुण तमग उपस्थित रहे।

# रेल रोंको अभियान का आयोजन 30 को

**सीधी।** कटनी चोपन रेल लाइन के शंकरपुर भदौरा में कई वर्षों से रेल स्टापेज की मांग की जा रही है कि इंटरसिटी व शक्तिपुंज एक्सप्रेस का 1 मिनट के लिए यात्री एवं स्वास्थ्य समस्या को लेकर एजबलपुर तक आने-जाने में क्षेत्रीय जनो को भारी समस्या होती है जबकि सीधी जिले के सबसे नजदीकी स्टेशन शंकरपुर भदौरा है जिसकी दूरी 30 से 36 किलोमीटर है और कुसमी ब्लॉक आदिवासी अंचल जहां संजय टाइगर रिजर्व है एवं छत्तीसगढ़ से सीधी में रोड जोड़ती है। यानीशंकरपुर भदौरा मेन जन्शन है यहां रेल रूकना अनिवार्य है एवं 1250 एवं 1249 के बीच अंडर ब्रिज बनाई जा रही है जिसे रोक लगाकर ओवर ब्रिज बनाया जाए क्योंकि अंडर ब्रिज में पानी आ जाता है।

# संदिग्ध मौत पर परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

## फांसी के फंदे में मिला नवविवाहिता का शव

**सीधी।** शहर के समीपी ग्राम पंचायत नौगवां धीर सिंह में आज 13 नवंबर को 24 वर्षीय नवविवाहिता की फांसी के फंदे में शव मिलने पर मायके पक्ष के लोगों ने सुनियोजित तरीके से हत्या का आरोप लगाया है।

मिली जानकारी के अनुसार नौगवां धीरसिंह निवासी संध्या साकेत पति नीरज साकेत उम्र 24 वर्ष का मायका सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम कुकुड़ीझर में है। सूचना पाकर कुकुड़ीझर से पिता रामनरेश साकेत एवं उनके अन्य परिजन मौके पर पहुंचे। चर्चा के दौरान मृतिका के पिता रामनरेश साकेत ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी संध्या साकेत की हत्या दामाद नीरज साकेत ने गला दबाकर किया है। उनका आरोप था कि इसके पहले भी दामाद उनकी बेटी को काफी प्रताड़ित करता था। उसके साथ काफी बेरहमी से दामाद द्वारा मारपीट की जाती थी। उन्होंने कहा कि लडक़ी की सास एवं ससुर की इस मामले में कोई गलती नहीं है। उसकी बेटी को दामाद ने ही गला दबाकर मारा है। बेटी की मौत होने के बाद भी दामाद द्वारा उनको कोई सूचना फोन पर नहीं दी गई। मुझे दूसरों के माध्यम से जानकारी मिली कि उनकी बेटी संध्या साकेत को मार डाला गया है। जिसके बाद वह अपने परिवार के लोगों के साथ माके पर आए हैं। उनका कहना था कि बेटी संध्या साकेत को बिस्तर में लेटे रहने के दौरान ही गला दबाकर मार डाला गया है। बेटी की मौत के बाद उसके दो छोटे-छोटे बच्चे भी अब अनाथ हो चुके हैं। मृतिका की पांच वर्षीय बेटी निधि साकेत एवं तीन वर्षीय बेटा आयूष साकेत हैं। मां की मौत के बाद यह मासूम भी काफी चिंतित एवं उदास नजर आए। ननिहाल पक्ष के लोग ही मासूम बच्चों को संभालने में लगे हुए थे। सूचना पाकर मौके पर पहुंची जमोड़ी थाना पुलिस द्वारा पंचनामा कार्यवाही के पश्चात लाश को जिला अस्पताल के मर्चुरी में पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया गया। पोस्टमार्टम के बाद भी लोगों की काफी भीड़ मौजूद थी। पोस्टमार्टम कार्यवाही पूर्ण होने के बाद शव ससुराल पक्ष को सौंप दिया गया है। जमोड़ी थाना पुलिस द्वारा इस मामले में मृतिका के मायके पक्ष के बयान भी दर्ज किए गए हैं। आगे नवविवाहिता की संदिग्ध मौत पर डीएसपी द्वारा जांच की जाएगी। जिसमें मायके एवं ससुराल पक्ष के बयान दर्ज होंगे। साथ ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत के कारणों के संबंध में जो जानकारी सामने आएगी उसी के आधार पर पुलिस द्वारा कार्यवाही की जाएगी। इस घटना को लेकर मायके पक्ष के लोगों में काफी आक्रोश देखा जा रहा था और उनके द्वारा जल्द कार्यवाही की मांग की जा रही थी।

### मामले को लेकर डीएसपी करेंगे जांच : टीआई

इस घटना को लेकर नगर निरीक्षक जमोड़ी विशाल शर्मा ने कहा कि पूरे मामले में जांच प्रक्रिया डीएसपी द्वारा किया जाएगा। उन्होने कहा कि नवविवाहिता की संदिग्ध मौत पर जमोड़ी थाना में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू की गई है। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने का इंतजार है।

संपादकीय

## वैश्विक पटल पर भारत की वकालत कर रहा रूस

अर्थव्यवस्था के मामले में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की अच्छी साख बनी है। अब दुनिया के विकसित और महाशक्ति कहे जाने वाले देश भी भारत को आर्थिक रूप से लगातार मजबूत होते देश के तौर पर स्वीकार करने लगे हैं, तो इसका मतलब है कि यह आज वैश्विक पटल पर कई स्तरों पर यह अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। अर्थव्यवस्था से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई समस्याओं और अलग-अलग देशों के साथ कूटनीति के मोर्चे पर भारत ने अपनी एक स्वतंत्र और मजबूत पहचान बनाई है। शायद यही वजह है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस बात की स्पष्ट वकालत की है कि भारत वैश्विक महाशक्तियों की सूची में शामिल होने का हकदार है, क्योंकि इसकी अर्थव्यवस्था किसी भी अन्य देश की तुलना में तेजी से आगे बढ़ रही है। इसके अलावा, पुतिन ने यह भी कहा कि भारत की आबादी करीब डेढ़ अरब है, यहां एक प्राचीन संस्कृति रही है और यहां भविष्य में भी विकास की बहुत अच्छी संभावनाएं हैं। यों रूस और भारत के बीच बहुत पहले से अच्छे संबंध रहे हैं और इस नाते दोनों एक दूसरे के सम्मान का खयाल रखने की कोशिश करते रहे हैं। मगर पिछले कुछ दशक में भारत ने आर्थिक और वैश्विक साझेदारी के मोर्चे पर जिस तरह लगातार शक्ति अर्जित की है, उसमें उसे नजरअंदाज करना कठिन हो गया है। खासकर, वैश्विक दक्षिण के देशों को एकजुट करने में इसकी अहम भूमिका रही है। इसने दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। पिछले कुछ समय से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भू-राजनीति की दृष्टि से जो नए समीकरण बने हैं, उसमें भारत को एक ताकतवर सहयोगी के तौर पर देखा जा रहा है और उसे उचित जगह देने की वकालत की जा रही है। मसलन, हाल के वर्षों में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत को भी स्थायी सदस्य के तौर पर शामिल करने को लेकर अब अक्सर आवाज उठाई जाती है। कूटनीतिक स्तर पर भी कई जटिल समस्याओं का हल निकालने में इसने एक मजबूत पक्ष के रूप में काम किया है। इसलिए पुतिन का भारत को वैश्विक महाशक्तियों की सूची में शामिल करने का सुझाव अकारण नहीं है।

## राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस पर विशेष

# भगवान बिरसा मुंडा की 149वीं जयंती : एक ऐतिहासिक प्रेरणा

• डॉ. कुंवर विजय शाह

भारत के समृद्ध इतिहास में भगवान बिरसा मुंडा का नाम एक ऐसे वीर योद्धा और समाज-सुधारक के रूप में अंकित है, जिन्होंने अपने जीवन को जनजातीय समाज की उन्नति और उनके अधिकारों के लिए समर्पित कर दिया। देश में हर साल 15 नवम्बर को उनकी जयंती पर भारत में राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाता है। यह दिन न केवल उनकी शहादत और योगदान को याद करने का है, बल्कि यह जनजातीय समुदाय की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत, अनवरत संघर्ष और स्वाभिमान का उत्सव भी है।

### भगवान बिरसा मुंडा का जीवन और उनका संघर्ष

बिरसा मुंडा जी का जन्म 15 नवम्बर 1875 को झारखंड के उलीहातू गांव में एक साधारण मुंडा परिवार में हुआ था। उनका जीवन बेहद कठिनाइयों से भरा था और उन्हें बाल्यावस्था से ही आर्थिक संघर्षों का सामना करना पड़ा। सामाजिक असमानता, अत्याचार और विदेशी शासकों द्वारा जनजातियों पर निरंतर हो रहे शोषण ने बिरसा मुंडा के अंतर्मन को विद्रोह की भावना से भर दिया। उन्होंने अंग्रेजों द्वारा लागू जमींदारी प्रथा, धर्मांतरण और जनजातियों के पारम्परिक जीवन पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ संघर्ष किया।

### उलगुलान आंदोलन का नेतृत्व

बिरसा मुंडा जी ने उलगुलान नामक जनजातीय विद्रोह का नेतृत्व किया, जो अंग्रेजी शासन और उनके द्वारा किए जा रहे अत्याचार के खिलाफ था। उलगुलान का अर्थ है महान विद्रोह। इस आंदोलन का उद्देश्य अंग्रेजों द्वारा लागू की गई भूमि नीतियों, जबरन धर्मांतरण और जनजातियों की पारम्परिक जीवनशैली में दखल देने वाले कानूनों के खिलाफ आवाज उठाना था। भगवान बिरसा मुंडा के नेतृत्व में इस आंदोलन ने पूरे क्षेत्र में जनक्रांति की लहर पैदा कर दी और उन्हें धरती आबा या धरती पिता या धरा पितृ के रूप में सम्मानित किया जाने लगा।

### भगवान बिरसा मुंडा का समाज सुधारक के रूप में योगदान

भगवान बिरसा मुंडा केवल एक स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि एक महान समाज सुधारक भी थे। उन्होंने तत्कालीन जनजातीय समाज में व्याप्त कुरीतियों जैसे अंध-विश्वास, जाति-भेद, नशाखोरी, जातीय संघर्ष और अन्य सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूकता फैलाई। उन्होंने अपने अनुयायियों को शिक्षा का महत्व समझाया और उन्हें एकता में रहने का संदेश दिया। बिरसा मुंडा ने बिरसाइत नामक एक धार्मिक आंदोलन भी चलाया, जिसमें उन्होंने अपने अनुयायियों को आचार-विचार की शुचिता, सादगी और सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।



### राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस की स्थापना

वर्ष 2021 में केन्द्र सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया। इसका उद्देश्य भगवान बिरसा मुंडा और अन्य जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान का सम्मान करना है। इस दिन देशभर में जनजातीय समाज की सांस्कृतिक धरोहर, उनकी परंपराओं और उनके गौरवशाली इतिहास को समझने और सम्मानित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। यह दिवस जनजातीय समाज के संघर्षों और उनके योगदान को याद करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

### बिरसा मुंडा का भारतीय स्वातंत्र्य आंदोलन में योगदान

भारतीय स्वातंत्र्य आंदोलन में भगवान बिरसा मुंडा का योगदान अतुलनीय है। वे न केवल अपने क्षेत्र की जनजातियों के नेता थे, बल्कि उनके संघर्ष और बलिदान ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को भी एक नई दिशा दी। उनके उलगुलान आंदोलन ने अन्य जनजातीय समुदायों को भी संगठित किया और स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भागीदारी करने की प्रेरणा दी।

भगवान बिरसा मुंडा मात्र 24 साल 7 महीने की अल्पायु में 9 जून 1900 को वीरगति को प्राप्त हुए। उनकी विरासत आज भी जनजातीय समाज के दिलों में जीवित है और उन्हें एक महान क्रांतिकारी जननायक के रूप में याद किया जाता है।

### राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस का महत्व

राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस का महत्व केवल बिरसा मुंडा जी के योगदान को याद करने तक सीमित नहीं है। यह जनजातीय समाज की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान का जश्न मनाने का भी दिन है। जनजातीय समाज ने भारत के इतिहास में अहम भूमिका निभाई है। यह गौरव दिवस उनकी सांस्कृतिक धरोहर, संघर्षों और उपलब्धियों का सम्मान करता है। यह अवसर सभी भारतीयों को यह याद दिलाने का भी है कि जनजातीय समाज भारत की संस्कृति का एक महत्वपूर्ण व अभिन्न हिस्सा है और उनके योगदान को हमें सदैव संजोकर रखना चाहिए।

भगवान बिरसा मुंडा का जीवन प्रेरणा का स्रोत है, जो हमें साहस, संघर्ष और सामाजिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का संदेश देता है। राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस हमें उनकी शिक्षाओं, राष्ट्रप्रेम और उनके संघर्ष को याद करने और जनजातीय समाज के अधिकारों और सम्मान के प्रति संवेदनशील बने रहने के लिए प्रेरित करता है। जनजातीय समाज के स्वाभिमान और उनके अधिकारों की रक्षा में भगवान बिरसा मुंडा का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस उनके प्रति हमारी कृतज्ञता, आदर और श्रृद्धांजलि का प्रतीक है।

(लेखक मध्यप्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री हैं।)

## 30 साल में पहली बार चीन से भाग रहे इन्वेस्टर्स

(दिल प्रकाश)

चीन ने अपनी अपनी इकॉनमी में जान फूंकने के लिए अरबों डॉलर के पैकेज की घोषणा की है। लेकिन इसका कोई खास असर होता नहीं दिख रहा है। 30 साल से भी अधिक समय में यह पहला मौका है जब विदेशी निवेशक चीन से अपना पैसा निकाल रहे हैं। इस फाइनेंशियल ईयर की तीसरी तिमाही में विदेशी निवेशकों ने चीन से 8.1 अरब डॉलर निकाले। इस साल विदेशी निवेशक चीन से 12.8 अरब डॉलर निकाल चुके हैं जो 1998 के बाद सबसे ज्यादा रकम है। यही हाल रहा तो चीन में 1990 के बाद पहली बार एफडीआई का सालाना नेट आउटफ्लो देखने को मिल सकता है।

चीन की इकॉनमी 2008 के फाइनेंशियल क्राइसिस के बाद सबसे बड़ी मंदी का सामना कर रही है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की राष्ट्रपति के रूप में वापसी चीन को बहुत भारी पड़ सकती है। अपने चुनावी भाषणों में ट्रंप ने चीनी माल पर 60 फीसदी तक आयात शुल्क लगाने का वादा किया था। अगर ऐसा होता है तो चीन की हालत और खराब हो सकती है। देश का डेट-टु-जीडीपी रेश्यो पहली तिमाही में 366 फीसदी पहुंच चुका था। यानी देश की जीडीपी की एक यूनिट पर 3.66 यूनिट कर्ज का बोझ है।

जापान जैसा हाल

ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में चीनी सामान पर 25 प्रतिशत तक इम्पोर्ट ड्यूटी लगाई थी। जानकारों का कहना है कि उनके दूसरे कार्यकाल में चीन के लिए परेशानी बढ़ सकती है। आईएमएफ ने पहले ही चीन की इकॉनमी के लिए अपने अनुमान को कम कर दिया है। इस साल देश की इकॉनमी के 4.8 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ने का अनुमान है जबकि सरकार ने 5 प्रतिशत का लक्ष्य तय कर रखा है। अगले साल इसके 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। जानकारों का कहना है कि चीन में भी उसी तरह का ठहराव आ सकता है जिसमें जापान कई दशक से फंसा था। जापान में 1990 के दशक में स्टॉक और प्रॉपर्टी का बुलबुला फूटने के ठहराव आ गया था और वह अब तक इससे उबर नहीं पाया है।

करीब तीन दशक से दुनिया की फैक्ट्री बना चीन इस कई तरह की चुनौतियों का सामना कर रहा है। दुनिया की दूसरी बड़ी इकॉनमी वाले देश चीन में कई साल से रियल एस्टेट संकट चल रहा है। देश की इकॉनमी में इस सेक्टर की करीब एक तिहाई हिस्सेदारी है। इस संकट के कारण बैंकिंग सेक्टर भी संघर्ष कर रहा है जिससे पूरी इकॉनमी के डूबने का खतरा बना हुआ है। देश में बेरोजगारी चरम पर है और मंदी की आशंका से लोग पैसा खर्च करने से डर रहे हैं। माना जा रहा है कि जापान की तरह चीन की इकॉनमी भी सुस्ती में फंस सकती है। इस स्थिति से बचने के लिए चीन को कंज्यूमर डिमांड बढ़ाने पर काम करना चाहिए और एक्सपोर्ट और निवेश आधारित ग्रोथ से हटना चाहिए। इससे चीन में सतत विकास को बढ़ावा मिलेगा और देश बाहरी झटकों से बचने से बच सकेगा।

## लोकतंत्र के लिए क्या है असहमति, सीजेआई ने बताया

(राजेश चौधरी)

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ के दो साल का कार्यकाल 10 नवंबर को खत्म हो गया। उनके विदाई कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट बार असोसिएशन के प्रेसिडेंट कपिल सिब्बल ने एक अहम बात कही कि चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने अपने कार्यकाल में बेहद जटिल मुद्दों पर विचार किया और उन पर फैसले दिए। रिटायर होने से कुछ दिन पहले ही जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा था कि वह इस बात को लेकर फिक्रमंद हैं कि उनके कार्यकाल को लोग किस तरह से याद करेंगे। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट के जज और चीफ जस्टिस के तौर पर दिए गए उनके अहम फैसलों पर एक सरसरी नजर डालना अच्छा होगा।

**खदानों पर टैक्स-** 25 जुलाई 2024 को सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस की अगुआई वाली 9 जजों की बेंच ने कहा कि संविधान के तहत राज्यों के पास यह विधायी अधिकार है कि वे खदानों (माइंस) और खनिज युक्त भूमि पर टैक्स लगा सकें।

**आरक्षण में उपवर्ग-** सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा था कि अनुसूचित जाति और जनजाति के भीतर राज्य सरकार उपवर्ग बनाकर रिजर्वेशन का लाभ दे सकती है। सीजेआई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली बेंच ने 6-1 के बहुमत से दिए फैसले में कहा था कि राज्यों के पास आरक्षण के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति में उप-वर्गीकरण करने की शक्तियां हैं।

**अनुच्छेद 370-** चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ की बेंच ने एक और अहम मामले में जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा निरस्त करने के राष्ट्रपति के फैसले को वैध करार दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अनुच्छेद-370 अस्थायी था।

**इलेक्टोरल बॉन्ड-** उनकी अगुआई में पांच जजों की संवैधानिक बेंच ने 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसले में राजनीतिक पार्टियों को दिए जाने वाले चंदे के लिए तय इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम को खारिज कर दिया। इसे गैर-संवैधानिक करार देते हुए सर्वोच्च अदालत ने चुनाव आयोग से कहा कि वह राजनीतिक पार्टियों द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड को कैश कराए जाने से संबंधित तमाम ब्योरे सार्वजनिक करे।



**पिता के फैसले की समीक्षा-** सुप्रीम कोर्ट के 9 जजों की संवैधानिक बेंच ने 24 अगस्त 2017 को आपातकाल के दौरान 1976 में 5 सदस्यीय सुप्रीम कोर्ट की बेंच के उस फैसले को गलत बताया जिसमें कहा गया था कि आपातकाल के दौरान अनुच्छेद-21 (जीवन और व्यक्तिगत आजादी) को निलंबित किया जा सकता है। दिलचस्प है कि 1976 में पांच जजों की उस बेंच में जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के पिता जस्टिस वाईवी चंद्रचूड़ भी शामिल थे। उस फैसले की समीक्षा करने वाली 9 जजों की बेंच में जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ भी थे।

**असहमति पर जोर-** 28 सितंबर 2018 को जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा था कि असहमति वाइब्रेंट डेमोक्रेसी की पहचान है। भीमा कोरेगांव वॉयलेंस केस में पांच ह्यूमैन राइट्स एक्टिविस्ट की गिरफ्तारी से जुड़े मामले में उन्होंने बेहद सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था कि असहमति लोकतंत्र का सेफ्टी वॉल्व है और अगर आप इसकी इजाजत नहीं देंगे तो प्रेशर वॉल्व फट जाएगा।

**अयोध्या विवाद पर फैसला-** 9 नवंबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने अयोध्या मामले में फैसला दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि 2.77 एकड़ की विवाद वाली जमीन पर ही राम मंदिर का निर्माण होगा। कोर्ट ने केंद्र को आदेश दिया था कि उस जगह मंदिर निर्माण के लिए तीन महीने में ट्रस्ट बनाए और विवादित जमीन को इस ट्रस्ट को सौंपने की योजना भी तैयार करे। पांच जजों की संवैधानिक बेंच ने यह फैसला दिया था और इस बेंच का पार्ट जस्टिस चंद्रचूड़ भी रहे थे।

**सबरीमला विवाद-** सुप्रीम कोर्ट ने 28 सितंबर 2018 को केरल के सबरीमला मंदिर में हर उम्र की महिलाओं के प्रवेश की इजाजत दी। महिलाओं के मंदिर में प्रवेश पर रोक को लिंग के आधार पर भेदभाव वाली प्रथा करार देते हुए कोर्ट ने कहा था कि यह हिंदू महिलाओं के मौलिक अधिकार का हनन है।

**एडल्टरी कानून-** 27 सितंबर 2018 को एडल्टरी कानून को सुप्रीम कोर्ट ने गैर-संवैधानिक करार देते हुए खारिज कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि एडल्टरी कानून महिला को पति का गुलाम और उसकी संपत्ति की तरह बना देता है। जस्टिस चंद्रचूड़ इस फैसले का पार्ट थे।

**समलैंगिकता अपराध नहीं-** 6 नवंबर 2018 को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि बालिगों के बीच सहमति से बनाए गए समलैंगिक संबंध अपराध नहीं होंगे। इस प्रावधान को सुप्रीम कोर्ट ने गैर-संवैधानिक करार दिया और इसे समानता और जीवन के अधिकार का उल्लंघन बताया था। जस्टिस चंद्रचूड़ बेंच का हिस्सा थे।

**चाइल्ड पोर्नोग्राफी के खिलाफ-** 23 सितंबर 2024 को चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ की अगुआई वाली बेंच ने कहा कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी डाउनलोड करना और उसे देखना दोनों ही पोक्सो (प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड फ्रॉम सेक्सुएअल ऑफेंस एक्ट) के तहत अपराध है। सुप्रीम कोर्ट ने संसद को सुझाव दिया था कि वह कानून में चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द के बदले चाइल्ड सेक्सुअली एब्यूसिव एंड एक्सप्लोआइटिव मटीरियल शब्द का प्रयोग करे।

**यादगार कदम-** जस्टिस चंद्रचूड़ के कार्यकाल में किए गए कई अहम प्रशासनिक फैसले भी गौर करने लायक हैं। उन्होंने महिलाओं के खिलाफ रूढ़िवादी शब्दावली के इस्तेमाल को रोकने, अदालती कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग, न्याय की देवी की आंखों से पट्टी हटाने जैसे कई कदम उठाए। इतिहास जब उनके कार्यकाल को देखेगा तो निश्चित तौर पर उनके दूरगामी असर वाले फैसलों को याद करेगा क्योंकि तमाम जटिल और संवैधानिक मसले पर न केवल न्याय हुआ बल्कि न्याय होता हुआ दिखाई भी दिया। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## वर्ग पहेली 5551



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. इस देश में स्थित तांबे की विश्व कीसबसे बड़ी खान है (2)
3. पक्षी विहार के लिए प्रसिद्ध यह स्थान राजस्थान में स्थित है (5)
7. वृक्ष का वह भाग जिसमें डालियां नहीं होती (2)
8. अलक, जुल्फ (2)
9. बटन का घर, कारण (2)
10. चंद्रमा का अपभ्रंश (2)
12. अद्‌भुत, अनोखा, विचित्र (3)
14. दुश्मनी, बैर, शत्रुता (4)
17. राष्ट्र, देश, मुल्क (3)
18. ग्रेटर एंटीलीज पर स्थित एक द्वीप राष्ट्र है जिसकी राजधानी किंग्सटन है (3)
20. उतना भोजन जितना एक बार मुंह में डाला जाए, निवाला (2)
21. बदलवाना, बदले का काम दूसरे से कराना (4)
22. अभिपाया, मतलब (4)
25. प्रस्थान होने की क्रिया, प्रयाण, गमन (4)
26. एक पेय पदार्थ जो देव और दानव दोनों को प्रिय था, चंद्रमा का एक नाम (2)

**ऊपर से नीचे**

1. धराशायी, उत्तान, अपृष्ठाशायी (2)
2. किशोर कुमार की अभिनेत्री पत्नी (8)
3. कल्याणकारी, सज्जन, छलहीन (2)
4. आमोद यात्रा करना, तल्लीन होना (3)
5. बुलावा, नसीम-चंद्रमोहन सोहराब मोदी की हिट फिल्म (3)
6. धूल, गर्द, पराग के कण (2)
11. न्योता, निमंत्रण (3)
13. किसी के चित्त या मन का कष्ट पहुंचा हो (4)
15. यह गोविंदा अभिनीत पहली फिल्म थी (5)
16. ख्याति, नगाड़ा, धौंसा (2)
19. काले रंग की प्रसिद्ध चिड़िया (2)
20. जाति, वर्ण, नसल, वंश, समाज (2)
23. एक में चौथाई ओर जोड़कर (2)
24. इटली का यह शहर सात पहाड़ियों का नगर कहलाता है, देह के बाल, रोआं (2)

**वर्ग पहेली 5550 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दु | ब | ई | | अ | मे | रि | का |
| का | ल | का | | ब | ल | वा | न |
| न | | रां | झा | | | ज | न |
| दा | व | त | | ज | स्ता | | दे |
| र | न | | का | का | | ले | ना |
| | स्प | र्श | क | र्ता | | न | |
| र | ति | | पि | | खु | दा | या |
| थ | | प | ट | ना | | र | म |

## आज का राशिफल

**मेष**
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपकी तरक्की होने से आपके परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। आपके ऑफिस में भी काम का माहौल काफी अच्छा रहेगा और एक-दूसरे के सहयोग से सभी कार्य पूर्ण हो जाएंगे। संतान पक्ष के करियर को लेकर थोड़ी चिंता बढ़ी रहेगी और आपका कोई रुका काम बनने की संभावना है। रात का समय परिवार के लोगों के साथ मौज मस्ती में बीतेगा।

**वृष**
आडकरियर में लाभ होगा और आपके घर में सुख समृद्धि के योग बनेंगे। राजनीतिक क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी और आपको शासन व सत्ता से गटजोड़ का लाभ मिल सकता है। नए अनुबंधों के द्वारा पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और आपके सभी रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपको किसी मामले में अनावश्यक कष्ट का सामना करना पड़ेगा।

**मिथुन**
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपको मनचाही सफलता मिलने से खुशी होगी। आपको संतान की शिक्षा या प्रतियोगिता में आशातीत सफलता का समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा। शाम के वक्त आपका कोई रुका कार्य पूर्ण हो सकता है। रात में आपको उत्साहवर्धक मांगलिक कार्य में शामिल होने के अवसर प्राप्त होंगे।

**कर्क**
आज भाग्य का साथ मिल रहा है और आपके लिए उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग बन रहे हैं। कहीं से बहुत सारा रुका पैसा एक साथ मिल सकता है। आपकी आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी और मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी और भाग्य का पूरा साथ मिलेगा।

**सिंह**
आज दिन भाग्यशाली है और आज आपकी आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता से आपको सम्मान मिलेगा और आपका हर कार्य समय से पूरा होगा। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगी। सूर्य के कारण अधिक भागदौड़ हो सकती है और आपको कहीं दौड़ना पड़ सकता है।

**कन्या**
आज दिन शुभ है और आपके भाग्य में वृद्धि होने से आपको कारोबार में जबर्दस्त लाभ होगा। अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी आपको हर मामले में सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदम में आपकी जीत हो सकती है और भाग्य की बदौलत आपको रुका धन प्राप्त होगा।

**तुला**
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके चारों ओर काफी खुशी का माहौल रहेगा। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई समस्या हल हो सकती है। आपको कहीं से पर्याप्त मात्रा में धन की प्राप्ति होने से खुशी होगी। विरोधियों का अंत होगा। आपको पास और दूर की यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

**वृश्चिक**
आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपकी तबियत सही नहीं रहेगी और किसी अच्छे डॉक्टर इस विषय में सलाह मशविरा करने में व्यतीत करें। रोग की अवस्था में आराम करें तो अच्छा है। काम का अधिक तनाव न लें। जब भी समय मिले हर काम को करते रहें। आपको कारोबार में ठीकठाक सफलता मिलने से दिन आराम से बीतेगा।

**धनु**
आज दिन शुभ है और आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। आपको सरकारी विभाग में अच्छी पहुंच होने का लाभ होगा। आपको ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। शाम को सामाजिक कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे और परिवार के लोगों के साथ भी अच्छा वक्त बीतेगा।

**मकर**
आज दिन शुभ है और आपको सफलता प्राप्त होगी। आर्थिक मामलों में दिन लाभ से भरा होगा और आपकी तरक्की के योग बन रहे हैं। नए प्रयास फलीभूत होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों से आपको आदर और सहयोग प्राप्त होगा। शाम के समय किसी झगड़े विवाद में न पड़ें। रात में प्रिय अतिथियों के स्वागत का योग बन रहा है।

**कुंभ**
आज दिन शुभ है और कारोबार में आपको भाग्य का साथ मिलेगा। निर्मूल विवाद और अकारण शत्रुपत्ति से बचें तो आपके लिए अच्छा है और किसी के साथ विवाद में न पड़ें। आपको किसी मामले में निराशाजनक समाचार मिल सकता है। आपको कोई विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। इसलिए सावधान रहें और विवाद से बचें।

**मीन**
आज करियर के मामले में लाभ होगा और भाग्य में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी। आपके दांपत्य जीवन में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त होगा और आपको किसी से पैसों का लेनदेन नहीं करना चाहिए। धार्मिक क्षेत्र की यात्रा और पुण्य कार्य पर खर्च हो सकता है। यात्रा में सावधान अवश्य रहें। अपनी मूल्यवान चीजों का ध्यान रखें और अपने काम पर फोकस करें।

## संक्षिप्त समाचार

### सीआईएसएफ में भी महिलाओं के लिए दरवाजे खुले, केंद्र ने पहली महिला बटालियन को दी मंजूरी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने महिला सशक्तिकरण और राष्ट्रीय सुरक्षा में उनकी भूमिका बढ़ाने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की पहली महिला बटालियन के गठन की मंजूरी दे दी है। सीआईएसएफ के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि बल उन महिलाओं के लिए पसंदीदा विकल्प रहा है जो केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में देश की सेवा करना चाहती हैं और बल में उनकी हिस्सेदारी 7 प्रतिशत से अधिक है। महिला बटालियन के गठन से देश भर में महत्वाकांक्षी युवा महिलाओं को बल में शामिल होने और देश की सेवा करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। इससे बल में महिलाओं को एक नई पहचान मिलेगी। सीआईएसएफ मुख्यालय ने नई बटालियन के मुख्यालय के लिए प्रारंभिक भर्ती, प्रशिक्षण और स्थान के चयन की तैयारी शुरू कर दी है। प्रशिक्षण को विशेष रूप से एक उत्कृष्ट बटालियन बनाने के लिए डिजाइन किया जा रहा है जो वीआईपी सुरक्षा और हवाई अड्डों, दिल्ली मेट्रो रेल कर्तव्यों की सुरक्षा में कमांडो के रूप में बहुविध भूमिका निभाने में सक्षम हो। सीआईएसएफ के 53 वें स्थापना दिवस समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री के निर्देश के अनुरूप बल में सभी महिला बटालियनों के गठन का प्रस्ताव किया गया था।

### आयुष्मान कार्ड के लिए दो सप्ताह में 5 लाख बुजुर्गों ने किया आवेदन




**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्वास्थ्य बीमा योजना एबी-पीएमजेएवाय के विस्तार के बाद से 70 साल और उससे अधिक आयु के लगभग पांच लाख वरिष्ठ नागरिकों ने आयुष्मान कार्ड के लिए आवेदन किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो सप्ताह पहले 70 साल और उससे अधिक आयु के लोगों को शामिल करने के लिए एबी-पीएमजेएवाय के विस्तार का घोषणा की थी। योजना को लागू करने वाली एजेंसी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ने इस संबंध में आंकड़े शेयर कर योजना के प्रति लोगों के उत्साह को दर्शाया है। अब तक योजना के तहत नामांकन के लिए पांच लाख से अधिक अनुरोध प्राप्त हुए हैं। इनमें से 4.69 लाख आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं। दुनिया की सबसे बड़ी सरकार द्वारा वित्त पोषित स्वास्थ्य बीमा योजना, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को 2018 में 12.34 करोड़ गरीब परिवारों के 55 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य कवर प्रदान करने के लिए लॉन्च किया गया था। योजना के तहत सेकेंडरी और टर्शियरी अस्पताल में इलाज में होने वाले खर्च के लिए हर परिवार को सालाना 5 लाख रुपये का वार्षिक स्वास्थ्य कवर मिलता है। बुजुर्गों की बात करें तो सबसे अधिक आवेदन मध्य प्रदेश (1.66 लाख) से किए गए। इसके बाद केरल (1.28 लाख), उत्तर प्रदेश (69,044) और गुजरात (25,491) का स्थान रहा। गौरतलब है कि योजना के विस्तार से पहले सिर्फ गरीब और निम्न परिवार और कुछ अन्य श्रेणी के श्रमिक जैसे आशा कार्यकर्ता इस योजना के तहत योग्य थे। इस संबंध में जानकारी देते हुए एक अधिकारी ने कहा, हमने सभी राज्यों के साथ आईईसी (सूचना, शिक्षा, संचार) सामग्री साझा की है। जैसे-जैसे यह सूचना लोगों तक पहुंचेगी, हमें विश्वास है कि अधिक से अधिक वरिष्ठ नागरिक इसमें शामिल होंगे। योजना के लाभार्थी संबंधित वेबसाइट या आयुष्मान ऐप का उपयोग करके आयुष्मान भारत वरिष्ठ नागरिक योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### रक्षा मंत्री ने ग्रे जोन और हाइब्रिड युद्ध का किया जिक्र, कहा : भारत बनेगा दुनिया का ड्रोन हब

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को एडॉप्टिव डिफेंस के लिए तैयार रहने की जरूरत पर जोर दिया है। इस दौरान उन्होंने कहा है कि जवानों को 'ग्रे जोन' और 'हाइब्रिड' युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए। राजनाथ सिंह ने कहा है कि जहां युद्ध के पारंपरिक तरीकों को चुनौती मिली है वहां यह तरीके कारगर साबित होंगे। रक्षा मंत्री ने मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन और विश्लेषण संस्थान में आयोजित दिल्ली रक्षा वार्ता का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने उभरती हुई चुनौतियों से निपटने के लिए युद्ध के नए तरीके अपनाने पर जोर दिया। गौरतलब है कि 'ग्रे जोन' और 'हाइब्रिड युद्ध' शब्द शांति और बड़े पैमाने पर संघर्ष के बीच की स्थिति को दर्शाते हैं। पारंपरिक सीमा-संबंधी खतरों के साथ साथ आज के दौर में आतंकवाद, साइबर हमलों और हाइब्रिड युद्ध जैसे खतरे भी बढ़ रहे हैं। रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन के दौरान कहा, सरकार ने बदलते भू-राजनीतिक और तकनीकी परिदृश्य में एडॉप्टिव रणनीति की आवश्यकता को पहचाना है उन्होंने कहा कि इसमें चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की स्थापना, तीनों सेनाओं के बीच एकजुटता को बढ़ावा देना, प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में सुधार और दुनिया भर में नई रक्षा साझेदारी बनाना शामिल है।

# संजौली मस्जिद मामले में स्थानीय लोग बनेंगे पार्टी? कोर्ट आज सुनाएगा फैसला



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के उपनगर संजौली की मस्जिद में अवैध निर्माण को गिराने के आदेश को चुनौती देने वाली मुस्लिम पक्ष की याचिका पर जिला अदालत में सोमवार को सुनवाई हुई। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रवीण शर्मा की अदालत ने स्थानीय लोगों की ओर से मामले में प्रतिवादी बनाने के आवेदन पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस पर आगामी 14 नवंबर को सुनवाई होगी। इसी तारीख को मुस्लिम पक्ष की ओर से मस्जिद में अवैध निर्माण गिराने के फैसले पर रोक लगाने वाली याचिका की मेंटेबिलिटी पर भी निर्णय लिया जाएगा।

पिछली सुनवाई में अदालत ने मुस्लिम पक्ष को झटका देते हुए मस्जिद के अवैध निर्माण पर रोक लगाने से मना कर दिया था। दरअसल शिमला नगर निगम आयुक्त कोर्ट ने मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद लतीफ को मस्जिद की अवैध तीन मंजिलें गिराने का आदेश दिया है। इस पर मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी के सदस्य व ऑल हिमाचल मुस्लिम लीग के प्रवक्ता नजाकत अली हाशमी ने 29 अक्टूबर को नगर निगम आयुक्त के फैसले के खिलाफ जिला अदालत में अपील दायर की थी।

अदालत में दायर की गई अपील में दावा किया गया कि संजौली मस्जिद कमेटी पंजीकृत नहीं है और इस मसले पर फैसले का अधिकार मोहम्मद लतीफ को नहीं है। ऐसे में मोहम्मद लतीफ की ओर से कोर्ट में दायर किया गया हलफनामा गैरकानूनी है। याचिकाकर्ता मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी के अधिवक्ता विश्व भूषण ने बताया कि जिला अदालत ने स्थानीय लोगों को मामले में पार्टी बनाने पर फैसला सुरक्षित रखा है और इस पर अगली तिथि 14 नवंबर को निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगली सुनवाई में अदालत याचिकाकर्ता की याचिका की मेंटेबिलिटी पर भी निर्णय लेगी। वहीं मामले में संजौली के स्थानीय लोगों की तरफ पेश हुए अधिवक्ता जगत पाल ने कहा कि स्थानीय नागरिकों की एक याचिका पर हिमाचल हाईकोर्ट ने आदेश दे रखे हैं कि जब-जब कोर्ट में इस मामले की सुनवाई होगी, तो स्टेकहोल्डर्स को सुना जाए। इसके तहत स्थानीय नागरिकों का भी पक्ष इस मामले में सुने जाने की जिला अदालत में आवेदन दिया गया है। आज सुनवाई के दौरान बहस हुई और अदालत 14 नवंबर को इस पर फैसला सुनाएगी। उन्होंने कहा कि मुस्लिम पक्ष की याचिका को लेकर भी अगली सुनवाई में अदालत अपना फैसला सुना सकती है, क्योंकि हाईकोर्ट ने इस पूरे मामले को समयबद्ध निपटाने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम कोर्ट ने दिए हैं मस्जिद की तीन अवैध मंजिले गिराने के आदेश संजौली की मस्जिद में अवैध निर्माण के मुद्दे पर भारी बवाल हुआ है। सुर्खियों में रहने वाली इस विवादित चार मंजिला मस्जिद में अवैध निर्माण को लेकर बीते पांच अक्टूबर को नगर निगम के कोर्ट में सुनवाई हुई। नगर निगम आयुक्त भूपेंद्र अत्री ने बीते 5 अक्टूबर को मस्जिद के अवैध निर्माण को लेकर सुनवाई करते हुए मस्जिद की तीन मंजिलों को अवैध ठहराया और मस्जिद कमेटी को इन्हें ध्वस्त करने के आदेश दिए। इन आदेशों की अनुपालना करते हुए मस्जिद कमेटी ने अवैध हिस्से को गिराने का काम चला रखा है और मस्जिद का छत हटा दिया गया है। हिमाचल हाईकोर्ट ने आठ हफ्तों में मामला निपटाने के दिए हैं आदेश संजौली की विवादित मस्जिद का मामला हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट भी पहुंच गया है। संजौली के लोकल रेजिडेंट्स की तरफ से दायर याचिका में हाईकोर्ट के न्यायाधीश संदीप शर्मा ने नगर निगम आयुक्त को आठ हफ्ते के भीतर फैसला सुनाने के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट ने आयुक्त को मामला समय पर निपटाने के साथ-साथ सभी हितधारकों को पार्टी बनाने को कहा। दरअसल संजौली के स्थानीय नागरिकों की तरफ से हाईकोर्ट में दाखिल की गई याचिका में आग्रह किया गया है कि हाईकोर्ट नगर निगम आयुक्त को इस अवैध निर्माण के 2010 से चल रहे मामले का निपटारा समयबद्ध करने के निर्देश दे।

## 2030 तक नए मुकाम पर होगी भारत-रूस दोस्ती, 100 अरब डॉलर का होगा व्यापार: जयशंकर का भरोसा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत को विश्वास है कि वह 2030 से पहले ही रूस के साथ वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार को 100 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचा देगा और दोनों देशों के बीच अधिक ठोस संबंधों की वैश्विक स्तर पर बड़ी गूंज होगी। उन्होंने कहा कि व्यापार में चुनौतियां रही हैं, खासकर भुगतान तथा लॉजिस्टिक्स के संबंध में..और इससे काफी हद तक निपटा भी गया है लेकिन अब भी कुछ काम किया जाना बाकी है। विदेश मंत्री ने व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकी एवं सांस्कृतिक सहयोग (द्वऋह्लष्ट-ञ्श्चष्ट) पर 25वें भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग की बैठक में यह बात कही। बैठक में रूस के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उसके प्रथम उप-प्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव ने किया। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत में आर्थिक अवसर तलाशने में रूस की बढ़ती रुचि का देश स्वागत करता है और उसका पूर्ण समर्थन करता है। उन्होंने कहा, ''हमारी अर्थव्यवस्थाएं न केवल कई मामलों में एक-दूसरे की पूरक हैं, बल्कि दोनों देशों को कई वर्षों से कायम आपसी भरोसे का भी फायदा मिलता है। द्विपक्षीय व्यापार में अब 66 अरब अमेरिकी डॉलर की वृद्धि होने का अनुमान है और यह प्रभावशाली है।

उन्होंने कहा, '' हमारा लक्ष्य है कि इसे और अधिक संतुलित बनाया जाए और इसके लिए वर्तमान बाधाओं को दूर करने तथा अधिक सुविधाजनक प्रयास करने की आवश्यकता होगी। कारोबार सुगमता के साथ-साथ भारत-यूरेशियन आर्थिक संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर वार्ता में प्रगति होनी चाहिए।

## प्रधानमंत्री मोदी 16 नवंबर से तीन देशों की यात्रा पर जाएंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसी हफ्ते तीन देशों की यात्रा पर जा रहे हैं। वह ब्राजील में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में भी हिस्सा लेंगे। इसके लिए वह 18-19 नवंबर के बीच ब्राजील के दौरे पर रहेंगे। वहां प्रधानमंत्री जी20 शिखर सम्मेलन में वैश्विक महत्व के मुद्दों पर भारत का रुख रखेंगे और नई दिल्ली घोषणापत्र के परिणामों पर बल देंगे। उसके बाद वह अफ्रीकी देश नाइजीरिया और दक्षिण अमेरिकी देश गुयाना की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में इसकी जानकारी दी है। तीन देशों की यात्रा के दौरान पीएम मोदी का मुख्य कार्यक्रम 18-19 नवंबर को ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेना होगा। भारत, जी-20 के मौजूदा अध्यक्ष ब्राजील और अगले साल के शिखर सम्मेलन की मेज़बानी करने वाले दक्षिण अफ्रीका के साथ जी-20 त्रिगुट का हिस्सा है। बयान में कहा गया है कि ब्राजील से पहले प्रधानमंत्री मोदी 16-17 नवंबर को नाइजीरिया की यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि इस अफ्रीकी देश में पिछले 17 सालों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री का यह पहला दौरा होगा। नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनूबू के निमंत्रण पर पीएम मोदी नाइजीरिया जा रहे हैं। इस दौरे पर भारत और नाइजीरिया के बीच रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा करने के अलावा, पीएम मोदी द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए आगे के रास्तों पर चर्चा करेंगे।

# भारत ने तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी, अफगानों की मदद के लिए नियुक्त किया है दूत



**मुंबई, एजेंसी।** तालिबान सरकार ने इकरामुद्दीन कामिल को मुंबई स्थित अफगान मिशन में कार्यवाहक वाणिज्यदूत नियुक्त किया है। यह जानकारी अफगान मीडिया ने दी है। यह भारत में किसी भी अफगान मिशन में तालिबान द्वारा की गई पहली ऐसी नियुक्ति है। हालांकि इस नियुक्ति पर भारतीय पक्ष की ओर से तत्काल कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं आई। इस बीच सूत्रों ने बताया कि जिस शख्स को नियुक्त किया गया है वह भारत में ही पढ़ा है और भारत में रह रहे अफगान नागरिकों की मदद के लिए उन्हें नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, तालिबान सरकार की मान्यता के बारे में विदेश मंत्रालय ने कहा कि किसी भी सरकार को मान्यता देने की एक निर्धारित प्रक्रिया है, और भारत इस मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ काम करता रहेगा। समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि पिछले तीन वर्षों में भारत में स्थित अफगान दूतावास और कांसुलेट्स में कार्यरत कई अफगान राजनयिकों ने पश्चिमी देशों में शरण ली है और भारत छोड़ चुके हैं। हालांकि, एक पूर्व राजनयिक ने अब भी भारत में रहकर अफगान मिशन और कांसुलेट्स का कामकाज किसी तरह संभाले रखा है। भारत में बड़ी संख्या में अफगान समुदाय के लोग रहते हैं, जिन्हें कांसुलर सेवाओं की आवश्यकता होती रहती है। इसलिए, वर्तमान में भारत में बसे अफगान नागरिकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अधिक स्टाफ की आवश्यकता है। सूत्रों ने बताया कि एक युवा अफगान छात्र भारत में सात वर्षों तक पढ़ाई कर चुका है और दक्षिण एशिया विश्वविद्यालय से एमईए छात्रवृत्ति पर डॉक्टरेट की पढ़ाई पूरी कर चुका है। उसने इस कांसुलेट में एक राजनयिक के रूप में काम करने की सहमति दी है। एमईए ने उनके बारे में जानकारी देते हुए कहा कि वह अफगान नागरिक हैं, जो भारत में अफगान नागरिकों की सेवा में लगे हैं। इससे पहले तालिबान नियंत्रित बख्तर समाचार एजेंसी ने सोमवार को अज्ञात सूत्रों के हवाले से बताया कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय ने मुंबई में कार्यवाहक वाणिज्यदूत के रूप में कामिल की नियुक्ति की घोषणा की है।

उसने कहा, वह फिलहाल मुंबई में हैं, जहां वह इस्लामिक अमीरात का प्रतिनिधित्व करते हुए एक राजनयिक के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। मीडिया संस्थान ने कहा कि यह नियुक्ति भारत के साथ राजनयिक संबंधों को मजबूत करने और विदेशों में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए काबुल के प्रयासों का हिस्सा है। तालिबान के उप विदेश मंत्री (राजनीतिक मामले) शेर मोहम्मद अब्बास स्तानिकजई ने भी कामिल की नियुक्ति के बारे में सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया।

# क्या मैं उन लोगों की मदद करूं, जिन्होंने मेरा मज़ाक उड़ाया : उद्धव ठाकरे



**मुंबई, एजेंसी।** राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे माहिम विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। उनके मुकाबले उद्धव सेना ने भी कैंडिडेट उतारा है। पहले चर्चाएं थी कि उद्धव सेना कैंडिडेट वापस ले सकती है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस संबंध में जब उद्धव ठाकरे से पूछा गया तो उन्होंने सख्त रिएक्शन दिया। उद्धव ठाकरे ने कहा कि मेरा खून का रिश्ता तो महाराष्ट्र की जनता के साथ है। उन्होंने राज ठाकरे पर हमला बोलते हुए कहा कि जो लुटेरों के साथ है, उससे मेरा क्या रिश्ता? मैं ऐसे लोगों को सपोर्ट करने की बात तो सपने में भी नहीं सोच सकता। अब बात ही खत्म, इसके आगे क्या कहना है। उद्धव ठाकरे ने कहा, महाराष्ट्र से मेरा खून का रिश्ता है। महाराष्ट्र मेरा परिवार है, कोरोना काल में मैंने जिस परिवार की जिम्मेदारी ली, उस परिवार को लूटा जा रहा है। उन्होंने (राज ठाकरे) घोषणा की है कि देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री बनेंगे। इसलिए महाराष्ट्र की लूट बड़े पैमाने पर होगी। उद्धव ठाकरे ने कहा कि डबल ट्रिपल इंजन महाराष्ट्र के लुटेरे हैं, जो भी उनका समर्थन करते हैं, वे लुटेरे हैं। राज ठाकरे के बारे में बात करते हुए उद्धव ने कहा कि उन्होंने मेरी बीमारी का भी मजाक उड़ाया था। भगवान न करे, जिन्होंने मेरी आलोचना की उन्हें उस पल या उस स्थिति का अनुभव अवश्य हुआ होगा। क्या मैं उन लोगों की मदद करूं, जिन्होंने मेरा मजाक उड़ाया।

उन्होंने कहा कि इन लोगों ने मेरा मजाक बनाया। उन्होंने उनकी मदद की, जिन्होंने मेरी पार्टी तोड़ दी। उद्धव ने विषय बदलते हुए कहा कि राज ठाकरे इस बार मेरे पास नहीं आए, मैं निजी मामलों में नहीं जाना चाहता। मैं उन लोगों की मदद नहीं करूंगा, जो महाराष्ट्र को लूटने वालों की मदद करते हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज की शपथ लेकर उद्धव ठाकरे ने ये बात कही।

**उद्धव और आदित्य की रैली न होने से लग रहे थे कयास :** दरअसल यह बात सामने आई है कि माहिम विधानसभा क्षेत्र में ठाकरे गुट के उम्मीदवार महेश सावंत के लिए उद्धव और उनके बेटे आदित्य की प्रचार सभा तय नहीं है। इसलिए राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा होने लगी कि उद्धव ठाकरे बिना प्रचार किए अप्रत्यक्ष रूप से मदद कर रहे हैं। लेकिन अब उद्धव ठाकरे ने अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है।

## ट्रंप ने भारत का पहले कौनसा भला कर दिया जो अब करेंगे: शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती



**नईदिल्ली, एजेंसी।** जगदुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की जीत से खास खुश नजर नहीं आ रहे हैं। हाल ही में उन्होंने कहा कि ट्रंप के पहले कार्यकाल से भारत को कौन सा फायदा हुआ, जो इस ट्रंप में लाभ होगा। रिपब्लिकन नेता ने 5 नवंबर को संपन्न मतगणना में डेमोक्रेट उम्मीदवार कमला हैरिस को बड़े अंतर से हरा दिया था। वह जनवरी को राष्ट्रपति पद संभालेंगे।

समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में शंकराचार्य ने कहा, ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में एक कार्यकाल बिता चुके हैं, भारत का क्या हित हुआ था बता दो। अगर उनके पहले कार्यकाल में कोई हित हुआ होता तो हम और कामना करते कि अबकी बार तो और ज्यादा होगा। पहली बार तो हुआ नहीं है, तो अब कौन सा हित कर देंगे।

शंकराचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ट्रंप के रिश्ते अलग बात हैं। उन्होंने आगे कहा, मोदी जी का उनका आपकी क्या संबंध है वो अलग बात है। किसी व्यक्ति का किसी व्यक्ति से, किसी देश का किसी देश से कोई संबंध हो, लेकिन एक कार्यकाल उनका बीत चुका ऐसा कोई उल्लेखनीय योगदान भारत के लिए उनका नहीं रहा है। दूसरा उन्होंने चुनाव के समय में घोषणा की है कि हम एक करोड़ बाहरी लोगों को बाहर करेंगे।

उन्होंने आगे कहा, तो भारत के लोग भी तो वहां बाहरी बस गए हैं। कहीं एक करोड़ में उनका भी दो-चार लाख का नंबर आ गया तो लो दो-चार लाख और आएंगे वापस। हो गया भला।

**अमेरिका में चुनाव :** साल 2016 में ट्रंप ने पहली बार राष्ट्रपति चुनाव में जीत दर्ज की थी। तब उन्होंने हिलेरी क्लिंटन को हराया था। हालांकि, साल 2020 में उन्हें जो बाइडेन के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। चुनाव के नतीजों के बाद कैपिटल हिल पर जमकर हिंसा हुई थी। 2024 चुनाव में ट्रंप ने 277 इलेक्टोरल वोट हासिल कर लिए थे। जबकि, हैरिस को 224 इलेक्टोरल वोट मिले थे।

# मल्लिकार्जुन खरगे के परिवार के साथ उस दिन क्या हुआ था, किसने जलाया था उनका घर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** महाराष्ट्र में जारी विधानसभा चुनाव के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को दावा किया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रजाकारों के हमले में अपनी मां और बहन की हुई दुखद मौत पर जानबूझकर चुप्पी साध रखी है। योगी का दावा है कि मुस्लिम वोट खोने के डर से खरगे इस मामले पर कुछ नहीं बोल रहे हैं। योगी के बयान के बाद सियासी हंगामा खड़ा हो गया है। आइए इस घटना के बारे में जानते हैं कि आखिर क्या हुआ था। साल 1946 में हैदराबाद के वर्चस्व (अब कर्नाटक में है) में हैदराबाद के निजाम के कुछ सैनिक (रजाकर) घरों में आग लगा देते हैं। यह घर कांग्रेस के वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का था। उस समय वह महज तीन साल के थे। घर में खरगे अपनी मां और बहन के साथ थे। उनके पिता खेत में काम कर रहे थे। इस घटना में खरगे की मां और बहन की जलकर मौत हो गई थी। इस घटना का खुलासा आज से करीब 2 साल पहले उनके बेटे प्रियांक खरगे ने एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू के दौरान किया था। उन्होंने यह भी बताया कि इस हादसे में कैसे उनके पिता और दादा मपन्ना की जान बची। प्रियांक ने कहा कि निजाम के रजाकारों ने पूरे इलाके में तोड़फोड़ की और लूटपाट मचाया। इस दौरान उन्होंने घरों पर हमला किया। प्रियांक के मुताबिक, जिस समय हमला हुआ उस समय उनके दादा खेतों में काम कर रहे थे। उनके एक पड़ोसी ने बताया कि रजाकारों ने उनके घर में आग लगा दी है। इतना सुनते ही वह घर की तरफ भागे। वह सिर्फ मल्लिकार्जुन खरगे को बचा सके। उनकी पत्नी और बेटी की जलकर मौत गई। खरगे के पिता उन्हें लेकर जंगल की तरफ भाग गए। खरगे के मौसेरे भाई कल्याणी कांबले ने भी कुछ समय पहले इस घटना के बारे में चर्चा की थी। उन्होंने कहा था कि रजाकारों के कारण जब उनकी मां की मौत हो गई तो वह पिता मपन्ना के साथ पैदल निम्बुर के लिए निकल गए। वह करीब तीन महीने तक जंगल में भटकते रहे। इसके बाद वह अपने एक रिश्तेदार के घर पहुंचे। क्या कहा है योगी ने? योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे ने व्यक्तिगत क्षति उठाने के बाद भी हैदराबाद के निजाम के शासन में रजाकारों के इतिहास को आसानी से भुला दिया। उन्होंने दावा किया, ''मल्लिकार्जुन खरगे के गांव में रजाकारों ने आग लगा दी थी तथा उनकी मां, बहन और एक रिश्तेदार उस हमले में मारी गयी थीं।'' योगी आदित्यनाथ ने आरोप लगाया कि खरगे इस तथ्य को दबा रहे हैं क्योंकि उन्हें डर है कि यदि उन्होंने निजाम की सेना द्वारा किये गये अत्याचारों के बारे में बोला तो वह मुस्लिम वोट गंवा बैठेंगे। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस इतिहास को नकारने की कोशिश कर रही है और खरगे ने वोट बैंक की राजनीति के लिए अपने परिवार के साथ जो कुछ हुआ था उसे आसानी से भुला दिया है।'' रजाकार एक अर्धसैनिक बल था जो हैदराबाद की पूर्ववर्ती रियासत में सेवारत था। उसका प्राथमिक उद्देश्य हैदराबाद के मुस्लिम निजामों के शासन को बनाये रखना और हैदराबाद को भारत में विलय होने से रोकना था।

# पाकिस्तानी क्रिकेटर बदतमीजी पर उतरा

## चैंपियंस ट्रॉफी विवाद के बाद सरेआम बीसीसीआई को दी गालियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए बीसीसीई ने टीम इंडिया को पाकिस्तान भेजने से मना कर दिया है. जब से भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने जैसे ही इस टूर्नामेंट को लेकर अपना फैसला सुनाया है, क्रिकेट की दुनिया में बवाल मचा हुआ है. बीसीसीआई के फैसले पर पूरे पाकिस्तान में हंगामा है. वहीं इस खबर को लेकर पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर तनवीर अहमद ने तो सारी हदें पार कर दी और गाल-गलौज पर उतर आए हैं. उन्होंने सरेआम सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया है.

**तनवीर अहमद ने क्या कहा?**

तनवीर अहमद भारत के पाकिस्तान नहीं जाने को लेकर पिछले कुछ दिनों से भड़के हुए हैं और बयानबाजी कर रहे हैं. उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा 'बीसीसीआई ये चूड़ियां अपने दोनों हाथों में पहन लो.' वह इतना तक ही नहीं रुके उन्होंने भारतीय क्रिकेट बोर्ड के लिए झूठा, घटिया, गंदा, बदमाश और दोगला जैसे आपत्तिजनक शब्दों का भी इस्तेमाल किया.

तनवीर ने आगे कहा कि बीसीसीआई पर विश्वास करने से अच्छा है कि किसी गधे पर विश्वास पर कर लें वो भी धोखा नहीं देगा. उन्होंने पाकिस्तानी मीडिया से भारतीय मीडिया के लोगों को नहीं बुलाने की अपील की.

### आईसीसी की बातचीत जारी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बीसीसीआई के फैसले के बाद भारत से किसी भी टूर्नामेंट में नहीं खेलने और मेजबानी छीने जाने पर चैंपियंस ट्रॉफी से नाम वापस लेने की धमकी दी थी. इतना ही नहीं रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार 12 नवंबर को आईसीसी को एक ईमेल किया, जिसमें भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से टीम इंडिया को नहीं भेजने की पुख्ता वजहों बताए जाने की मांग की है. वहीं आईसीसी लगातार सभी टीमों से बातचीत कर रही है और टूर्नामेंट के शेड्यूल को लेकर चर्चा जारी है. वहीं कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया है कि आईसीसी ने बैकअप के तहत साउथ अफ्रीका में टूर्नामेंट आयोजित करने की योजना बनाई है.





# शुभमन गिल ने की उम्र में धोखाधड़ी सोशल मीडिया पर दावे से सब हैरान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट हो या कोई अन्य खेल, एथलीटों को कई बार अपनी उम्र छिपाते हुए पकड़ा गया है. भारत के पूर्व क्रिकेटर अमित मिश्रा उम्र छिपाने की बात स्वीकार चुके हैं, वहीं एक बार नितीश राणा उम्र छिपाने के मामले में BCCI से सस्पेंशन झेल चुके हैं. मगर अब शुभमन गिल भी इसी कारण चर्चा में हैं. दरअसल सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रहा है, जिसमें शुभमन गिल और उनकी बहन शहनील गिल के जन्मदिवस में सिर्फ 3 महीने का अंतर है.

शुभमन गिल इस समय भारत के टॉप क्रिकेटरों में से एक हैं और उनका जन्म 8 सितंबर 1999 को पंजाब फाजिल्का में हुआ था. शुभमन की एक बहन भी है, जिसका नाम शहनील गिल है, जो सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं और निरंतर चर्चाओं में बनी रहती हैं. वायरल हो रहे पोस्ट में देखा जा सकता है कि शहनील गिल का जन्म 16 दिसंबर 1999 को हुआ था. दोनों भाई-बहन के जन्मदिवस को देखा जाए तो उसमें सिर्फ 3 महीने का अंतर है. ऐसे में भारतीय क्रिकेटर पर आरोप लगाए जा रहे हैं कि उन्होंने अपनी उम्र में बदलाव करके धोखाधड़ी की है.

### क्या है सच्चाई?

इस तरह के पोस्ट पहले भी वायरल होते रहे हैं, लेकिन गुजरात टाइटंस ने करीब एक साल पहले रक्षाबंधन के मौके पर इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया था. उसी वीडियो में शहनील गिल ने खुलासा करते हुए बताया था कि उनकी और शुभमन की उम्र में ढाई साल का अंतर है. इस वीडियो में शहनील गिल कहती हैं, हम बचपन में एक-दूसरे के बेस्ट फ्रेंड हुआ करते थे. हम हमेशा साथ में घूमते थे. मगर जब शुभमन मैच खेलने बाहर जाने लगे और ज्यादातर घर से बाहर ही रहते थे, तब मेरे लिए समय बिताना मुश्किल होता था क्योंकि मेरे ज्यादा दोस्त नहीं थे. हम बचपन से एक-दूसरे के करीब रहे हैं क्योंकि हमारी उम्र में सिर्फ ढाई साल का अंतर है. मैं बचपन में बहुत शर्मीली हुआ करती थी, वहीं शुभमन खूब शरारत करता था.

# इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी 3 टी-20 के लिए वेस्टइंडीज की टीम का ऐलान

## • आंद्रे रसेल बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज में 0-2 से पिछड़ने के बाद आखिरी तीन मैचों के लिए टीम का ऐलान कर दिया है। बाएं टखने में मोच के कारण आंद्रे रसेल सीरीज के बाकी मैच नहीं खेल पाएंगे। उनकी जगह शमर स्प्रिंगर को शामिल किया गया है। इस बीच अल्जारी जोसेफ निलंबन से वापस आ गए हैं और शमर जोसेफ की जगह टीम में शामिल हुए हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान अल्जारी जोसेफ की कप्तान शाई होप के साथ फील्ड प्लेसमेंट को लेकर बहस हुई थी। गुस्से में वह मैदान से बाहर चले गए थे। इसके बाद अल्जारी को क्रिकेट वेस्टइंडीज दो मैचों के लिए बैन कर दिया था। बाद में उन्होंने सार्वजनिक रूप से माफी मांगी और होप के साथ सुलह भी की। स्प्रिंगर ने पिछले महीने श्रीलंका के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल में डेब्यू किया था। अब तक दो मैचों में 25 रन देकर 1 विकेट और 24 रन देकर 1 विकेट लिया है।

आंद्रे रसेल पहले टी20 के दौरान चोटिल हो गए थे

इंग्लैंड ने बारबाडोस में पहले दो टी20 मैच जीतकर वेस्टइंडीज को करो या मरो की स्थिति में डाल दिया है। तीसरा टी20 मैच 14 नवंबर को सेंट लूसिया में खेला जाएगा, जहां 16 और 17 नवंबर को आखिरी दो मैच भी खेले जाएंगे। आंद्रे रसेल पहले टी20 के दौरान चोटिल हो गए थे। टेरेंस हिंड्स को दूसरे मैच में डेब्यू करने का मौका मिला था। 32 वर्षीय खिलाड़ी का रविवार (10 नवंबर) को पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा था। उन्होंने 11वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए पांच रन बनाए और अपने दो ओवरों में बिना विकेट लिए 24 रन दिए।

**वेस्टइंडीज टी20 टीम**

रोवमैन पॉवेल (कप्तान), रस्टन चेस, मैथ्यू फोर्ड, शिमरोन हेटमायर, टेरेंस हिंड्स, शाई होप, अकील होसेन, अल्जारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, गुडाकेश मोटी, निकोलस पूरन, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड, शमर स्प्रिंगर।




**टेनिसः**



ज्वेरेव ने रुबलेव को हराया

# एटीपी फाइनल्स में बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी को पहले मैच में मिली हार

**तूरिन, एजेंसी।** 2018 और 2021 के विजेता जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने एटीपी फाइनल्स के तीसरे खिताब की राह में जीत से शुरुआत की है। उन्होंने ग्रुप दौर के पहले मैच में रूस के आंद्रेई रुबलेव को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से हराया। वहीं, युगल में भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी को पहले ग्रुप दौर के मैच में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें इटली की जोड़ी साइमन बोलेली और एंड्रिया ववासरी के हाथों 2-6, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। बोलेली और ववासरी ने इस जीत के साथ बोपन्ना-एबडेन से ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में मिली हार का बदला भी ले लिया।

### सिनर को मिली विश्व नंबर एक की ट्रॉफी

पेरिस मास्टर्स का खिताब जीतकर आ रहे ज्वेरेव की यह लगातार छठी जीत है। ज्वेरेव का इस मैच में भी दबदबा रहा। उन्होंने कुल नौ एस लगाए और अपनी सर्विस पर सिर्फ 10 अंक गंवाए। रुबलेव ने कहा, ज्वेरेव 220 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से सर्विस कर रहे थे, जिसका सामना करना आसान नहीं था। वहीं, इस वर्ष ऑस्ट्रेलियाई ओपन और यूएस ओपन का खिताब जीतने वाले विश्व नंबर एक इटली के यानिक सिनर को वर्ष के विश्व नंबर एक की ट्रॉफी सौंपी गई। सिनर ने कहा, इस ट्रॉफी को ग्रहण करने की इससे अच्छी दूसरी जगह नहीं हो सकती है। ट्रॉफी लेने के दौरान सिनर की मां सिगलिंडे की आंखों में आंसू थे। सिनर ने रविवार को खेले गए पहले मैच में एलेक्स डि मिनौर को हराया था। दूसरी ओर सोमवार को नार्वे के कैस्पर रूड से हारने के बाद स्पेन के कार्लोस अल्कारेज ने कहा, उनके पेट में तकलीफ थी। यहां आने से पहले मैं घर पर बीमार था। मैच की सुबह मुझे पेट में तकलीफ हुई।

### चौथा एटीपी फाइनल्स खेल रहे हैं बोपन्ना

बोपन्ना चौथी बार एटीपी फाइनल्स खेल रहे हैं। इटली की जोड़ी स्थानीय दर्शकों का जबरदस्त समर्थन मिला। बोपन्ना-एबडेन ने महत्वपूर्ण मौकों पर दो डबल फॉल्ट किए, दोनों ही मौकों पर उनकी सर्विस टूटी।

बॉब ब्रायन ग्रुप में शामिल बोपन्ना और एबडेन का अब अगला मुकाबला शीर्ष वरीय जोड़ी अल सल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मैट पेविच से बुधवार को होगा। बोपन्ना-एबडेन बीते वर्ष एटीपी फाइनल्स के सेमीफाइनल में पहुंचे थे।



## सिनर ने फिट्ज को फिर से हराया, मेदवेदेव भी जीते

**तूरिन (इटली), एजेंसी।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट में टेलर फ्रिट्ज को सीधे सेटों में हराया। इटली के सिनर ने अपने घरेलू प्रशंसकों के सामने फ्रिट्ज़ को 6-4, 6-4 से हराया। उन्होंने इस साल अमेरिकी ओपन के फाइनल में भी अमेरिका के इस खिलाड़ी को सीधे सेटों में हराया था। टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज करने वाले सिनर ने कहा, 'मुझे घरेलू कोर्ट पर खेलना पसंद है। अगर आप अपने प्रशंसकों और आपका समर्थन करने वालों को पसंद करते हैं तो इससे काफी मदद मिलती है। इससे पहले दानिल मेदवेदेव ने अलेक्स डी मिनौर को 6-2, 6-4 से हरा कर खुद को सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ में बनाए रखा। दुनिया के चोटी के आठ खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में डी मिनौर अपना पहला मैच सिनर से हार गए थे।

## राजधानी ट्रेन से भी फास्ट है इस गेंदबाज की स्पीड, वनडे डेब्यू में तूफानी रफ्तार से मचाई सनसनी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 11 नवंबर को क्रिकेट में एक खास रिकॉर्ड दर्ज हुआ. खास तौर पर बांग्लादेश क्रिकेट में. जहां एक 22 वर्षीय बांग्लादेशी क्रिकेटर ने अपने देश के लिए सबसे तेज गेंद फेंकी. इसके साथ बांग्लादेश के अब तक के सबसे तेज गेंदबाज बन गए. यहां हम बात कर रहे हैं नाहिद राणा की. यह कारनामा शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में हुआ. जब बांग्लादेश और अफगानिस्तान के बीच तीसरा वनडे मैच खेला जा रहा था. यह मैच नाहिद राणा का वनडे डेब्यू मैच था.

**राजधानी ट्रेन से कम नहीं नाहिद की रफ्तारः** नाहिद राणा टेस्ट क्रिकेट में अपने शानदार प्रदर्शन के जरिए बाबर आजम, विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे टॉप बल्लेबाजों को चुनौती दे चुके हैं. अब उन्होंने वनडे में शानदार डेब्यू किया है. बांग्लादेश क्रिकेट टीम के उभरते तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने अपने वनडे डेब्यू में ही इतिहास रच दिया है.

उन्होंने बांग्लादेश के सबसे तेज गेंदबाज बनने का तमगा हासिल किया. नाहिद राणा ने अफगानिस्तान के खिलाफ शारजाह में खेले गए तीसरे वनडे में 150.9 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी, जो किसी भी बांग्लादेशी गेंदबाज द्वारा फेंकी गई अब तक की सबसे तेज गेंद है. इस रिकॉर्ड ने उन्हें तुरंत चर्चा का विषय बना दिया है.

**नाहिद राणा के करियर के आंकड़ेः** 22 मार्च 2024 को इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने वाले नाहिद राणा ने अब तक बांग्लादेश के लिए 5 टेस्ट मैच खेले हैं. इन 5 टेस्ट मैचों में उन्होंने 4.79 की इकॉनमी से 14 विकेट लिए हैं. अपने डेब्यू वनडे मैच में नाहिद राणा ने 4 की इकॉनमी से 2 विकेट लिए.

नाहिद राणा ने 20 फर्स्ट क्लास क्रिकेट मैचों में 4 की इकॉनमी से 77 विकेट लिए हैं. उन्होंने 11 लिस्ट ए क्रिकेट मैचों में 5.23 की इकॉनमी से 28 विकेट लिए हैं.

## पर्थ टेस्ट में कमेंट्री नहीं कर पाएंगे रिकी पोंटिंग और जस्टिन लैंगर, आईपीएल बना वजह



**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग और लंबे समय तक उनके साथी रहे जस्टिन लैंगर सऊदी अरब में होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मेगा नीलामी के कारण भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में कमेंट्री नहीं कर पाएंगे। आईपीएल की नीलामी 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में होगी।

एक ऑस्ट्रेलियाई समाचार पत्र के अनुसार, 'प्रतिबद्धताओं के टकराव के कारण चैनल सेवन को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पर्थ टेस्ट के कुछ हिस्सों में रिकी पोंटिंग और जस्टिन लैंगर की सेवाएं नहीं मिल पाएंगी। इस तरह से ऑस्ट्रेलिया को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की शुरुआती मैच में अपने धुर प्रशंसक की कमी खल सकती है।

पोंटिंग को पंजाब किंग्स ने हाल में अपना मुख्य कोच नियुक्त किया जबकि लैंगर पहले से ही लखनऊ सुपरजाइंट्स में यह भूमिका निभा रहे हैं। इन दोनों के अलावा ऑस्ट्रेलिया टीम के सहायक कोच डेनियल विटोरी भी पहले टेस्ट से बाहर रह सकते हैं। वह आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच हैं। इन तीनों की आईपीएल नीलामी में शामिल होने की संभावना है।

## अजीबो गरीब एक्शन वाले पॉल एडम्स का दावा-

# अश्विन से बेहतर गेंदबाज हैं नाथन लियोन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व गेंदबाज पॉल एडम्स ने मंगलवार को कहा कि अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई ऑफ स्पिनर नाथन लियोन भारत के रविचंद्रन अश्विन की तुलना में अधिक 'संपूर्ण गेंदबाज हैं। लियोन के भारत के खिलाफ आगामी पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। 530 टेस्ट विकेट के साथ लियोन और 536 विकेट के साथ अश्विन दुनिया के दो सबसे मारक स्पिनर हैं। लेकिन अपने अपरंपरागत गेंदबाजी एक्शन के लिए लोकप्रिय हुए एडम्स ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज में दुनिया भर की पिचों पर बल्लेबाजों को परेशान करने की कुव्वत है। एडम्स 45 टेस्ट मैच खेलकर 134 विकेट झटक चुके हैं। उनसे जब पूछा गया कि दोनों में से किसके पास दुनिया भर में सफल होने के लिए संपूर्ण रणनीति है तो उन्होंने कहा कि मुझे अब भी लगता है कि उपमहाद्वीप और ऑस्ट्रेलिया या दक्षिण अफ्रीका में प्रतिस्पर्धा



करने के मामले में नाथन लियोन के पास अश्विन की तुलना में अधिक संपूर्ण खेल है। 47 वर्षीय एडम्स ने कहा कि उसके (अश्विन) पास एक कैरम बॉल है जो गेंद को विपरीत दिशाओं में घुमा सकती है। लेकिन लियोन ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने बहुत अधिक ओवर-स्पिन के साथ गेंदबाजी की है। इससे बल्लेबाजों को चुनौती मिलती है। भारत के अहम तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला में खेलने वाली टीम का हिस्सा नहीं हैं और एडम्स को लगता है कि उनकी बहुत कमी खलेगी।

एडम्स ने कहा कि मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों को देखते हुए शमी की काफी कमी खलेगी। ऑस्ट्रेलिया में तेज और उछाल भरा विकेट भारत को दबदबा बनाने में मदद करता, अगर शमी टीम में शामिल होते। लेकिन यह भी चयनकर्ताओं के हाथ में नहीं है क्योंकि वह उबर रहे हैं। लेकिन मुझे लगता है कि उसकी कमी खलेगी।

# जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जाएगी बिरसा मुण्डा जयंती

## कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपे दायित्व



**पन्ना।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय एवं म.प्र. शासन जनजातीय कार्य विभाग के निर्देशानुसार शुक्रवार, 15 नवम्बर को भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जाएगी। बिरसा मुण्डा जयंती पर धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान संविधान दिवस 26 नवम्बर तक विविध कार्यक्रम होंगे। जिला मुख्यालय पर जनजातीय गौरव दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम सुबह 11 बजे से जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में स्थानीय टाउन हॉल में होगा। इसके अलावा जनपद पंचायत गुनौर एवं पवई क्षेत्र अंतर्गत भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर सुरेश कुमार ने संपूर्ण कार्यक्रम के लिए जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही जिला स्तरीय कार्यक्रम में समन्वय स्थापित कर कार्य करने का दायित्व भी अन्य अधिकारियों को सौंपा गया है। जिला संयोजक आर.के. सतनामी को जिला स्तरीय कार्यक्रम का प्रभारी नियुक्त कर समस्त विभागों के हितलाभ वितरण के लिए हितग्राहियों की जानकारी एकत्र कर मंच से हितलाभ वितरण कराने, वन अधिकार अधिनियम के तहत जारी वन अधिकार पत्रों के वितरण इत्यादि का दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक कुमार चतुर्वेदी, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार, कार्यपालन यंत्री बी.डी. कोरी, जिला शिक्षा अधिकारी रविप्रकाश खरे, जिला परियोजना समन्वयक अजय कुमार गुप्ता, जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया, महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र राहुल दुबे, उप संचालक कृषि ए.पी. सुमन, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ. डी.पी. तिवारी, सहायक संचालक उद्यानिकी पी.के. श्रीवास्तव, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण शशिकपूर गढ़पाले, अग्रणी बैंक प्रबंधक शमा बानो, अधीक्षक आईटीआई विवेक रिछारिया, जिला परियोजना प्रबंधक एनआरएलएम प्रमोद शुक्ला तथा संबंधित विभाग प्रमुखों को भी आवश्यक दायित्व सौंपा गया है। जिला कलेक्टर द्वारा जनपद पंचायत गुनौर एवं पवई में आयोजित कार्यक्रम के लिए संबंधित एसडीएम को नोडल अधिकारी तथा जनपद पंचायत सीईओ को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम के गरिमामय आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## निमोनिया से रोकथाम के लिए सांस अभियान का शुभारंभ

**पन्ना।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा निमोनिया को सफलतापूर्वक निष्क्रिय करने के उद्देश्य से सामाजिक जागरूकता के तहत सांस नामक अभियान शुरू किया गया है, जिससे निमोनिया के कारण होने वाली नवजात एवं बाल मृत्यु को रोका जा सके। इस क्रम में आज कलेक्टर सुरेश कुमार ने जिला चिकित्सालय पन्ना में अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान 28 फरवरी 2025 तक संचालित होगा। उल्लेखनीय है कि नवजात एवं बाल्य मृत्यु का एक मुख्य कारण निमोनिया की बीमारी है। अभियान के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षित कर त्वरित पहचान, प्राथमिक उपचार एवं रेफरल के द्वारा मृत्यु के प्रकरणों में कमी लाने के लिए मैदानी स्तर तक प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही निमोनिया की रोकथाम के लिए स्तनपान, उम्र के अनुसार पूरक पोषण आहार, टीकाकरण, अच्छी गुणवत्ता वाली वायु जैसे प्रभावी उपायों के बारे मे जनसामान्य को जागरूक भी किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.के. त्रिपाठी, सिविल सर्जन डॉ. आलोक गुप्ता भी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के प्रथम प्राचार्य की नियुक्ति पर सम्मान समारोह आयोजित



**पन्ना।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मध्यप्रदेश शासन द्वारा साक्षात्कार के आधार पर नियुक्त प्राचार्य डॉ. एस. पी. एस. परमार के लिए स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. एस. पी. एस. परमार द्वारा मां वीणा वादिनी को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य का स्वागत महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा माला और बुके के साथ शाल और श्री फल देकर किया गया। प्राचार्य द्वारा अपने ओजस्वीपूर्ण उद्बोधन में कहा गया कि आज मैं इस महाविद्यालय के प्राचार्य के रूप में अपनी नई जिम्मेदारी को स्वीकार करने के लिए अत्यधिक सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मध्यप्रदेश शासन द्वारा मुझे इस महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त करने के लिए मैं उनका आभारी हूं। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना एक ऐसा संस्थान है जो शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। मैं इस संस्थान की गरिमा और प्रतिष्ठा को बढ़ाने के लिए अपनी पूरी क्षमता से काम करने का वचन देता हूं। मेरा लक्ष्य है कि हमारे छात्रों को शिक्षा के माध्यम से अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करें। हमारे प्राध्यापकों और कर्मचारियों के साथ मिलकर काम करने से हम अपने छात्रों को एक उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान कर सकते हैं। प्राचार्य डॉ. एस. पी. एस. परमार 40 वर्षों से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे है। आपने भोपाल, टीकमगढ़, निवाड़ी,रीवा व मऊगंज जिले के अनेकों महाविद्यालय में अपनी सेवाएं प्रदान की। आपके द्वारा द्वारा गतवर्षों में एनसीसी, एनएसएस जिला संघटक, विधिक सहायता प्रकोष्ठ, क्रीड़ा सचिव, विश्वबैंक व रूसा संयोजक इत्यादि महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी सराहनीय कार्य किया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. पी. पी.मिश्रा ने कहा, ष्यह महाविद्यालय प्रदेश के शिक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। हम प्राचार्य की नियुक्ति पर बधाई देते हैं और आशा करते हैं कि आप महाविद्यालय को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएंगे। डॉ. जे.के.वर्मा, डॉ. मनोरमा गुप्ता , डॉ. आर. एम. दत्ता के साथ साथ सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारियों ने महाविद्यालय के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस स्वागत समारोह के साथ ही शासन द्वारा प्राचार्य की नियुक्ति से महाविद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की नई आशा जगी है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान द्वारा किया गया।

# खाद्यान्न वितरण में अनियमितता पर हुई कार्यवाही

## विक्रेता के विरूद्ध दर्ज कराई एफआईआर





**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश पर प्रतिमाह की 4, 5 एवं 6 तारीख को अन्न उत्सव आयोजित कर पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में पूर्व में उचित मूल्य दुकान में नोडल अधिकारी की उपस्थिति में राशन वितरण तथा किसी भी अनियमितता पर संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की चेतावनी के लिए भी निर्देशित किया गया था। शाहनगर विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेता द्वारा राशन वितरण में अनियमितता व गंभीर लापरवाही की शिकायत पर संबंधित के विरूद्ध जांच उपरांत कार्यवाही की गई है। विक्रेता आदित्य त्रिपाठी के विरूद्ध कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मेघा चंदेल द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धाराओं में शाहनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उल्लेखनीय है कि प्राथमिक कृषि साख समिति रैगुवां द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकान चौपरा के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को राशन वितरण में लापरवाही के संबंध में पूर्व में भी कई शिकायतें प्राप्त हुई थी। संबंधित अधिकारियों द्वारा तत्समय मौके पर पहुंचकर शिकायत की विधिवत जांच व पंचनामा कार्यवाही की गई और खाद्यान्न वितरण के संबंध में स्थानीयजनों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई।

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायत कटवाने बराछ चौकी प्रभारी ने की हद पार

## पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत पर की कार्यवाही एवं न्याय की मांग




**पन्ना**

अपनी कार्यप्रणाली की वजह से हमेशा विवादों में रहने वाले वर्तमान में बराछ चौकी में पदस्थ एएसआई शिशिर मंडल पर सीएम हेल्पलाइन की शिकायत कटवाने महिला के साथ बदसलूकी करने एवं धमकी देने के मामले की शिकायत पीड़िता के द्वारा पुलिस अधीक्षक पन्ना से की गई है। पीड़िता सरोज बाई कोरी निवासी ग्राम देवरी थाना कोतवाली पन्ना ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन सौंप कर बताया कि लगभग 1 साल पूर्व उसके परिवार के रिश्ते में जेठ लगने वाले व्यक्ति के द्वारा उसके घर से सामान फेंक कर जबरन कब्जा कर लिया गया है तभी से वह न्याय के लिए भटक रही है बराछ चौकी में शिकायत करने पर कार्यवाही नहीं होने पर उसके द्वारा सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की गई थी इसके बाद शुक्रवार को चौकी प्रभारी से शिशिर मंडल उसके घर पहुंचे और बहला फुसलाकर उसे गाड़ी में बैठाकर आरोपी पक्ष के घर ले गए और वहां पहुंचकर पीड़िता के साथ अश्लील गाली-गलौज करते हुए पूरे परिवार को जेल भेजने की धमकी देकर सीएम हेल्पलाइन की शिकायत करवाने का दबाव बनाया। पीड़िता ने बताया कि न्याय और सुरक्षा की फरियाद लेकर जिन पुलिस कर्मियों के पास वह पहुंचते हैं उन्हीं के द्वारा इस प्रकार का बर्ताव किया जाएगा तो वह किससे न्याय एवं सुरक्षा की उम्मीद करेंगे, पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से इस प्रकार का बर्ताव करने वाले पुलिसकर्मी के साथ कार्रवाई और उसकी जमीन पर जबरन कब्जा करने वाले जेठ से उसके हिस्से की जमीन दिलाने की मांग की है।

बता दें कि एएसआई शिशिर मंडल हमेशा विवादों में रहने वाले पुलिस कर्मियों में गिने जाते हैं इन पर फरियादियों के साथ बदसलूकी तानाशाही मारपीट एवं अवैध वसूली के मामले के की शिकायतें लगातार सामने आती रहती हैं, यह कई बार लाइन अटैच भी रह चुके हैं इसके बावजूद उनकी कार्प्रणाली में कोई बदलाव नहीं आ रहा, अब देखना यह होगा कि पीड़िता की शिकायत पर न्याय प्रिय पुलिस अधीक्षक के द्वारा क्या कार्रवाई की जाती है।

# धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 और बाजरा का 2625 रुपये प्रति क्विंटल

**पन्ना**

खरीफ विपणन मौसम 2024-25 के लिये धान कॉमन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 और धान ग्रेड-ए का 2320 रुपये है। इसी तरह ज्वार मालदण्डी का 3421 रूपये, ज्वार हाईब्रिड का 3371 रूपये और बाजरा का समर्थन मूल्य 2625 रुपये है। किसानों की एफएक्यू गुणवत्ता की उपज इन्हीं दरों पर उपार्जित की जायेगी। जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया ने बताया कि ज्वार एवं बाजरा का उपार्जन 22 नवम्बर से 20 दिसम्बर तक और धान का उपार्जन 2 दिसम्बर से 20 जनवरी 2025 तक किया जायेगा। उपार्जन प्रत्येक सप्ताह के सोमवार से शुक्रवार तक होगा। गोदाम स्तर पर खाद्यान्न की गुणवत्ता का परीक्षण उपार्जन एजेंसी के गुणवत्ता सर्वेयर द्वारा स्टेक लगाने के पहले किया जायेगा। परिवहनकर्ता द्वारा समय-सीमा में उपार्जित खाद्यान्न का परिवहन नहीं करने पर पेनाल्टी की व्यवस्था साप्ताहिक रूप से की जायेगी।

**भुगतान व्यवस्था**

समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा की खरीदी के बाद भुगतान, कृषक पंजीयन के दौरान आधार नम्बर से लिंक बैंक खाते में किया जायेगा। धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन अवधि के दौरान पड़ोसी राज्यों से उपार्जन केन्द्र पर लायी जाने वाली उपज की अवैध बिक्री को रोकने के लिये समुचित कार्रवाई के निर्देश कलेक्टर्स को दिये गये हैं।

पंजीयन एवं उपार्जन में आने वाली तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिये जिले में एक तकनीकी सेल का गठन किया जायेगा। राज्य स्तर पर भी तकनीकी सेल का गठन किया जायेगा। जिला स्तरीय समिति उपार्जन संबंधी सभी विवादों का अंतिम निराकरण तथा उपार्जित खाद्यान्न की गुणवत्ता की निगरानी करेगी। राज्य स्तर पर एक कंट्रोल-रूम भी स्थापित किया जायेगा। इसका टेलीफोन नम्बर 0755-2551471 रहेगा। उपार्जन अवधि में यह सुबह 9 से रात 7 बजे तक संचालित रहेगा।

## अजयगढ़ में किसान बीज के लिए हो रहे परेशान



**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ में बीज के लिए किसान आये दिन हो रहे परेशान। किसानों के द्वारा लगातार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से शिकायत के बाबजूद बीज नही मिल रहा है। बोबनी के समय बीज न मिलने से किसान चिंतित है और प्रतिदिन बीज भंडार में पहुंच कर लाइन लगा कर वापस लौट रहे है। बताया गया है कि दललोक माध्यम से बीज वितरित कराया जा रहा है जिससे उनको मोटी आमदनी हो सके। किसानों ने अपना दर्द बयां कर बताया कि शासन के द्वारा किसानों को मुफ्त बीज दिया जाता है परन्तु मुफ्त तो छोड़ो रुपयों में भी बीज नही मिल रहा है।

# बीमारियों की रोकथाम के लिए टीकाकरण कार्य 15 नवम्बर से

**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व में बाघ पुनर्स्थापना योजना अंतर्गत बाघों की सुरक्षा के दृष्टिगत पार्क परिधि से लगे ग्रामों के कुत्तों में कैनाइन डिस्टैम्पर वायरस तथा अन्य सात बीमारियों की रोकथाम के लिए आगामी 15 नवम्बर से टीकाकरण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। वर्ष 2024-25 में तकनीकी प्रस्ताव अनुसार 7 दिसम्बर तक 18 ग्रामों में तथा 2 से 25 जनवरी तक शेष 18 ग्रामों में टीकाकरण किया जाएगा। पन्ना टाइगर रिजर्व कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार 15 नवम्बर को ग्राम मझगवां, 16 नवम्बर को हिनौता, 17 नवम्बर को कैमासन, 18 नवम्बर को बड़ौर, 19 नवम्बर को दरेरा, 20 नवम्बर को उमरावन, 21 नवम्बर को मड़ैयन, 22 एवं 23 नवम्बर को जरूआपुर, 25 नवम्बर को मनौर, 26 नवम्बर को बकचुर, 27 नवम्बर को चनेनी, 28 नवम्बर को नहरी, 29 नवम्बर को हरसा, 30 नवम्बर एवं 2 दिसम्बर को झिन्ना, 3 एवं 4 दिसम्बर को सब्दुआ, 5 दिसम्बर को भापतपुर, 6 दिसम्बर को सलैया और 7 दिसम्बर को बगौहा में टीकाकरण होगा, जबकि 9 दिसम्बर से एक जनवरी तक बूस्टर टीकाकरण की तिथि निधारित की गई है।

इसी तरह 2 जनवरी को ग्राम कटरिया, 3 जनवरी को मरहा, 4 जनवरी को खमरी, 6 जनवरी को ककरा-मुटवा, 7 जनवरी को कचनारी, 8 एवं 9 जनवरी को खजुरी कुड़ार, 10 जनवरी को माझा, 11 जनवरी को दहलान चौकी, 13 जनवरी को रानीपुर, 14 जनवरी को सरकोहा, 15, 16 एवं 17 जनवरी को अजयगढ़, 18 जनवरी को राजापुर, 20 जनवरी को बतासा, 21 जनवरी को पाठा, 22 जनवरी को रायपुर टपरियन एवं बनहरी खुर्द, 24 जनवरी को बनहरी कला तथा 25 जनवरी को ग्राम मड़ला में टीकाकरण होगा। बूस्टर टीकाकरण की तिथि 27 जनवरी से 19 फरवरी तक निर्धारित है।

# रुन्झ बांध प्रभावितों ने 15 दिन में भुगतान नहीं होने पर दी काम रुकवाने की चेतावनी

## एसडीएम व थाना प्रभारी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप कर दी आर या पार की चेतावनी



**पन्ना।** रुंझ बांध परियोजना प्रभावित ग्राम विश्रामगंज तहसील अजयगढ़ के सैकड़ों लोगों ने एसडीएम व थाना प्रभारी के माध्यम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप कर बताया है कि वर्ष 2018 में रूंज डैम परियोजना अन्तर्गत बांध निर्माण प्रारंभ हुआ था जिसका कार्य प्रगति पर है जिसमें कुछ ग्रामवासियों को मुआवजा राशि प्राप्त हो चुकी है और कुछ लोगों की शेष है। ग्रामवासियों के व्यवस्थापन, पेड़, मंदिर व पूरक आवार्ड की मुआवजा राशि शासन द्वारा प्रदान किया जाना शेष हैं। कई बार शासन प्रशासन को आवेदन व ज्ञापन सौंपने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई जिससे सभी लोग परेशान हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिवस के अंदर शेष राशि का भुगतान नहीं हुआ तो समस्त ग्रामवासी रुन्झ डैम का निर्माण कार्य रोकने को मजबूर हो जाएंगे जिसकी समस्त जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन के दौरान सैकड़ों की संख्या में रुंझ बांध प्रभावित आदिवासी एवं अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

## घटिया निर्माण की खबर प्रकाशित होने पर बौखलाये ठेकेदार के कर्मचारी नें पत्रकार को फोन पर दीं धमकी

**पन्ना।** शाहनगर विकासखन्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत रामपुर खजरी में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा करीब पचपन लाख की लागत से उपस्वास्थ केन्द्र के भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसकें निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा घटिया मटेरियल का उपयोग किया जा रहा था। जिसको लेकर क्षेत्रीय पत्रकारों द्वारा समाचार प्राकशित किये गये थें। उक्त मामले को लेकर ठेकेदार द्वारा संबंधित पत्रकारों को धमकाया गया था। इसी मामले को लेकर क्षेत्रीय पत्रकारों नें एसडीएम तथा थाना प्रभारी को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में संजय त्रिपाठी, अजय विश्वकर्मा, दीपक शर्मा, जय प्रकाश पान्डेय, विनोद पाठक, जितेन्द दुबे, मदन तिवारी, चरणजीत बंजारा, प्रियप्रकाश तिवारी, गजेन्द्र सिंह, रामशरण सिंह, अमर सिंह, धीरज बैन कपिल मिश्रा आदि।

# ग्राम पंचायत देवगांव में हो रहा भ्रष्टाचार, पंचों ने कलेक्टर से की शिकायत







**पन्ना।** जिले की कुछ ग्राम पंचायतों में अनियमितता धांधली भ्रष्टाचार एवं शासकीय राशि के गबन के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। शिकायतों के बावजूद कार्यवाही नहीं होने से भ्रष्ट पंचायत कर्मियों के हौसले बुलंद हैं, ऐसा ही मामला अजयगढ़ जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत देवगांव का सामने आया है। वार्ड क्रमांक 5 के पंच धर्मेंद्र सिंह राजपूत एवं वार्ड क्रमांक 2 के पंच राजेंद्र कोरी सहित कई जागरुक ग्रामीणों ने कलेक्टर को शिकायती आवेदन सौंप कर निर्माण कार्यों की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। आवेदन के माध्यम से बताया गया है कि देवगांव मुख्य मार्ग से बरियारपुर नाला की ओर सुदूर सड़क संपर्क मार्ग के निर्माण हेतु 8 लाख 39 हजार की राशि स्वीकृत हुई थी लेकिन सरपंच सचिव और रोजगार सहायक के द्वारा निर्माण कार्य के नाम पर केवल एक दिन में गड्ढे भरवा कर लीपा पोती कर दी गई जिससे कुछ ही दिनों में फिर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। हल्की बारिष में सड़क में जगह-जगह पर कटाव हो गया है नाम मात्र राशि खर्च कर सरपंच सचिव और रोजगार सहायक के द्वारा शेष राशि का फर्जी तरीके से आहरण कर लिया गया है। इसी प्रकार ग्रेवियन कुरियन नाला के निर्माण कार्य के लिए शासन के द्वारा 10 नग बनने के लिए किया गया था लेकिन सरपंच सचिव और रोजगार सहायक के द्वारा एक ही नग का निर्माण किया गया है और शासन के पोर्टल पर कार्य पूर्ण दिखाकर 5 लाख 40 हजार की राशि निकाल ली गई है। इस प्रकार अनियमितता भ्रष्टाचार एवं शासकीय राशि का गवन कई निर्माण कार्यों में किया गया है जिसकी जांच करवा कर कार्रवाई की मांग की गई है।

## मध्यमिक शाला देवगांव में बच्चों को परोसा जा रहा गुणवत्ताहीन मध्यान्ह भोजन

**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ बिकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत देवगांव के लोगों ने माध्यमिक विद्यालय के बच्चों को स्व सहायता समूह द्वारा मीनू के विपरीत बेस्वाद एवं गुणवत्ताहीन भोजन परोसने के संबंध जिला पंचायत सीईओ को षिकायती आवेदन सौंप कर जांच व कार्यवाई की मांग की गई है। षिकायती आवेदन में बताया गया है कि माध्यान भोजन एवं प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण का कार्य देवगुना स्व सहायता समूह देवगांव द्वारा किया जा रहा है जिसके द्वारा भारी अनियमितता की जा रही है। भोजन की थाली में सब्जी के नाम पर केवल आलू दिखते हैं, सही ढंग से सफाई नहीं होने से भोजन में मक्खी और कोकरोच भी पड़े रहते हैं एवं सब्जी में आलू कम व पानी की मात्रा ज्यादा रहती है। तथा रोटियों की व्यवस्था भी सही तरीके से नही की जा रही है जिससे विद्यालय के बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। षिकायतकर्ताओं के द्वारा मामले की जांच करवा कर सख्त कार्यवाई की मांग की गई है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, गुरुवार 14 नवम्बर 2024




रीवा कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा कि राजस्व महाअभियान 3.0 का आयोजन 15 नवम्बर से 15 दिसंबर तक किया जाएगा। अभियान के लिए सभी एसडीएम रणनीति तैयार कर लें। प्रत्येक गांव में सेड्यूल बनाकर बी-1 का वाचन अनिवार्य रूप से कराएं।



# किसानों और जनप्रतिनिधियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में शामिल करें

## किसानों को तीन फसली खेती के लिए प्रेरित करें : कमिश्नर



**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कृषि आदानों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि रीवा और शहडोल संभाग की कृषि उत्पादन आयुक्त महोदय 20 नवम्बर को रीवा में समीक्षा करेंगे। इस बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं तथा विभागीय उपलब्धियों की जानकारी दो दिवस में प्रस्तुत करें। कृषि उद्यानिकी, पशुपालन तथा मछली पालन विभाग के अधिकारी संभाग से लेकर ग्राम स्तर तक समन्वय से कार्य करें। एक दूसरे की विभाग की योजनाओं की पूरी जानकारी रखें तथा विभागीय लक्ष्यों की पूर्ति में एक दूसरे का सहयोग करें। योजनाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार कराके किसानों को लाभकारी खेती के लिए प्रेरित करें। किसानों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन करें। रीवा संभाग में सिंचाई की सुविधा में वृद्धि होने से खेती में तेजी से विकास हुआ है। फल, फूल, सब्जी तथा मसाले की खेती के लिए किसान को प्रोत्साहित करें। सुन्दरजा आम के क्षेत्र विस्तार के लिए विशेष प्रयास करें।

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि धान की फसल की देर से बोनी होने के कारण इसकी कटाई में देरी होती है जिससे नवम्बर माह के अंत तक गेंहू की बोनी हो पाती है। यदि धान की फसल अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह में कट जाये तो नवम्बर के पहले सप्ताह में आगामी फसल की बोनी हो जायेगी। इससे गर्मी की फसल के लिए पर्याप्त समय मिल जायेगा। इस संबंध में किसानों को समझाइश देकर उन्हें तीन फसली खेती के लिए प्रेरित करें। खाद के वितरण की कड़ी निगरानी रखें। जिन केन्द्रों में किसानों की भीड़ आ रही है वहां तत्काल अतिरिक्त खरीदी केन्द्र शुरू करा दें। उप संचालक कृषि तथा अन्य अधिकारी खाद वितरण केन्द्र का नियमित निरीक्षण करें। वितरण केन्द्र में किसानों को अधिकतम दो घंटे में खाद मिल जाये ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने कहा कि जिन गांव में फसल प्रदर्शन लगाये गये हैं उनका अन्य गांव के किसानों को भ्रमण करायें जिससे नये किसान अच्छी फसल के लिए प्रेरित हो सके।

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि संभाग में उद्यानिकी फसल बड़े क्षेत्र में ली जा रही है। आम, अमरूद, ड्रेगन फ्रूट, आमला तथा स्ट्राब्रोरी के क्षेत्र विस्तार पर विशेष ध्यान दें। आनाजों की खेती से उद्यानिकी फसलें अधिक लाभ दायक हैं। खाद्य प्रसंस्करण तथा पशुपालन विभाग के बैंकों में लंबित प्रकरणों को स्वीकृत कराकर हितग्राहियों को लाभांवित करें। बैठक में कमिश्नर ने पशुओं के टीकाकरण, गौशाला के संचालन, मछली पालन तथा दुग्ध उत्पादन को बढावा देने के प्रयासों की समीक्षा की। बैठक में संयुक्त संचालक कृषि केएस नेताम ने विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ. राजेश मिश्रा, उप संचालक उद्यानिकी योगेश पाठक, उप संचालक मछली पालन डॉ. अंजना सिंह, उपायुक्त डा. दिव्या त्रिपाठी, सहायक संचालक प्रीति द्विवेदी तथा बैठक से संबंधित सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

## पूर्व सैनिकों की राज्य स्तरीय रैली का आयोजन आज

**रीवा।** स्थानीय कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में 14 नवम्बर को पूर्व सैनिकों की राज्य स्तरीय रैली आयोजित की गयी है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल पी गंगा ने बताया कि रैली में रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, सतना एवं मैहर जिलों के पूर्व सैनिक तथा विधवाओं, वीरनारियाँ शामिल रहेंगी। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपने पहचान पत्र के साथ सुबह 9 बजे कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में पहुंचकर अपना पंजीयन कराएं। सैनिक कल्याण अधिकारी ने पूर्व सैनिकों से रैली में शामिल होने का अनुरोध किया है।

## रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एम.बी. ओझा ने जिले की सोसायटी में संचालक मंडल के सदस्यों व पदाधिकारियों को अन्य संस्थाओं में भेजे जाने के निर्वाचन हेतु रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है।

## एयर एम्बुलेंस सेवा से जच्चा-बच्चा के जीवन को किया गया संरक्षित

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि सरकार हर नागरिक को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। चिकित्सा अधोसंरचना और चिकित्सकीय उन्नत तकनीक की व्यवस्था के साथ मैनपावर उपलब्धता के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा आपातकाल में नागरिकों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण पहल है। आपात स्थिति में समय से उचित चिकित्सकीय सेवा की उपलब्धता से कई जिंदगियों का बचाव किया जा रहा है। इसी क्रम में छतरपुर के ग्राम खेरो की निवासी गर्भवती महिला श्रीमती रानी पटेरिया (पत्नी श्री उमेश पटेरिया) को एयर एम्बुलेंस सुविधा से आपात स्थिति में उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराकर जच्चा- बच्चा का जीवन सुरक्षित किया गया। पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा से प्रदेश में कहीं भी चिकित्सा आपात स्थिति उत्पन्न होने या चिन्हित विशेष प्रकार की चिकित्सा सुविधा या चिकित्सा विशेषज्ञों की आवश्यकता निर्मित होने पर कठिन भौगोलिक परिस्थिति में प्रदेश के दूरस्थ अंचलों तक पहुंचकर उन्नत आपातकालीन चिकित्सा द्वारा मरीजों की को स्थिर कर उच्च चिकित्सा केन्द्रों तक एयर लिफ्ट किये जाने की सेवा प्रदाय की जाती है। पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा सड़कों एवं औद्योगिक स्थलों में होने वाले हादसों, प्राकृतिक आपदा में गंभीर पीड़ित घायल व्यक्ति को त्वरित उपचार के लिये हवाई परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। हृदय सम्बंधित अथवा अन्य विभिन्न गंभीर बीमारियों जिसमें रोगी/पीड़ित को तत्काल इलाज की आवश्यकता होने की स्थिति में मरीजों को अच्छे एवं उच्चतम चिकित्सा संस्थानों में त्वरित उपचार के लिये हवाई परिवहन सुविधा प्रदाय की जाती है।

# राजस्व महाअभियान 3.0 का आयोजन 15 नवम्बर से 15 दिसंबर तक होगा

## सभी एसडीएम रणनीति तैयार कर महाअभियान का आयोजन करायें : कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि राजस्व महाअभियान 3.0 का आयोजन 15 नवम्बर से 15 दिसंबर तक किया जाएगा। अभियान के लिए सभी एसडीएम रणनीति तैयार कर लें। प्रत्येक गांव में सेडय़ूल बनाकर बी-1 का वाचन अनिवार्य रूप से कराएं। बी-1 के वाचन के समय राजस्व निरीक्षक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। अभियान के संबंध में सभी एसडीएम बैठक लेकर शासन के निर्देशों को पटवारियों को अवगत कराएं तथा निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति के लिए कार्य योजना तैयार करें एवं प्रतिदिवस के परिणाम का भी प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। राजस्व महाअभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। प्रत्येक गांव में दीवार लेखन के माध्यम से शिविर की तिथियों की जानकारी दें। सभी जनप्रतिनिधियों को भी अभियान की पूरी जानकारी दें। कलेक्टर ने कहा कि गत अभियान में नक्शा तरमीम के प्रकरणों को बड़ी संख्या में निराकृत किया गया था। इस अभियान में शेष रह गये प्रकरणों के निराकरण के लिए अधिक से अधिक प्रयास करें। सभी राजस्व प्रकरण आरसीएमएस पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि सीमांकन के प्रकरणों का हल्कावार कार्य योजना बनाते हुए शत-प्रतिशत निराकरण करायें। उन्होंने बटवारा एवं अभिलेख दुरूस्तगी के प्रकरणों को भी अभियान में निराकृत करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि स्वामित्व योजना के प्रकरण लंबित नहीं रहने चाहिए। उन्होंने साइबर तहसील के प्रतिदिवस के कार्य की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश बैठक में राजस्व अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने सीएम हाउस तथा सीएम मानीटरिंग के प्रकरणों का निराकरण कराकर प्रतिवेदन फीड करने के लिए भी निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि राजस्व महाअभियान 3.0 में नामांकन, बटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्तगी, परंपरागत रास्तों का चिन्हांकन, नक्शे में बटांकन, फार्मर रजिस्ट्री, पीएम किसान का आधार से लिंकिंग तथा ईकेवाइसी कराये जाने का कार्य किया जायेगा।

## पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के तहत शिविर का आयोजन आज

**रीवा।** पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के तहत शिविर का आयोजन 14 नवम्बर को अमहिया पावर हाउस गल्ला मंडी सहित प्रत्येक वितरण केन्द्र मुख्यालय में किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस योजना से उपभोक्ता अपनी छत में सोलर पैनल लगाकर बिजली के बिलों में 30 से 70 प्रतिशत तक की कमी ला सकते है। अधीक्षक यंत्री बीके शुक्ला ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना से होने वाले लाभ सब्सिडी, प्रत्यावर्तन अवधि, वेण्डर आदि की जानकारी के साथ इच्छुक आवेदकों व सामान्य उपभोक्ताओं में योजना के संबंध में नेशनल पोर्टल (सब्सिडाईज) पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना की जानकारी सुलभ कराने हेतु एकल विण्डो का प्रावधान किया जायेगा।

# पीएम श्री योजनान्तर्गत चयनित विद्यालयों में अधोसंरचना विकास के साथ शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करें : कलेक्टर

## कलेक्टर ने पीएम श्री विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक में दिए निर्देश



**रीवा।** जिले में पीएम श्री योजना के तहत जिन 22 विद्यालयों का चयन किया गया है उनमें अधोसंरचना विकास के साथ शिक्षा की गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार होना चाहिए। विद्यालयों के प्राचार्य इसका विशेष ध्यान रखें कि अनुशासित रूप से नियमित कक्षाएं संचालित हों तथा छात्र विद्यालय में उपस्थित रहें व अध्ययन करें। उक्त आश्य के निर्देश कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने पीएम श्री योजनान्तर्गत चयनित विद्यालयों के प्राचार्य की बैठक में दिए। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सर्व शिक्षा अभियान की टीम चयनित विद्यालयों का भ्रमण कर आगामी एक सप्ताह में विद्यालयों में कराए जाने वाले निर्माण कार्यों व अन्य आवश्यकताओं की जानकारी प्रस्तुत करें। उन्होंने उपस्थित प्राचार्यों से कहा कि किसी भी विद्यालय का नाम वहाँ से शिक्षित विद्यार्थियों से होता है। अत- जिले के सभी विद्यालयों में नियमित कक्षाओं का संचालन कराएं ताकि देश में रीवा जिले के पीएम श्री विद्यालयों सहित सभी अन्य विद्यालयों का उत्कृष्ट स्थान रहे। कलेक्टर ने पीएम श्री विद्यालयों के लिए आवंटित बजट का उपयोग न करने वाले प्राचार्यों के वेतन आहरण पर रोक लगाने के भी निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कहा कि विद्यालय में नियमित कक्षाओं के संचालन व परीक्षा परिणाम के लिए विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जिम्मेदार होंगे। उन्होंने सीएम राइज विद्यालयों के निर्माण कार्य की जानकारी प्राप्त की तथा निर्देश दिए कि पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य हो। उल्लेखनीय है कि रीवा व मऊगंज जिले के गढ़, बरांव, भुनगांव, पत्नी, घुरेहटा, फूल, शा.उ.मा.वि. बालक गुढ़, रामनई, गोड़हर, माडल बेसिक क्रमांक-2 रीवा, बैकुण्ठपुर, सेमरिया बालक, मझिगवां (सिरमौर), सोहागी, बसिगड़ा, फुलहा, मनिकवार, गढ़ी, बरौं, कन्या वि. त्यौंथर, रघुनाथगंज तथा रिमारी विद्यालयों का चयन पीएम श्री विद्यालय के तौर पर किया गया है।

# खनि रियायत संबंधी बैठक संम्पन्न



**रीवा।** कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद की अध्यक्षता में वन सीमा से 250 मीटर की परिधि में आने वाली जमीनों में खनि रियायत प्रस्तावों के संबंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि यह बैठक नियमित रूप से नियत समय में आयोजित करें ताकि प्रस्तुत प्रकरणों की स्वीकृति में विलंब न हो। कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में मऊगंज जिले के हर्रई प्रताप सिंह ग्राम में पत्थर क्रेसर गिट्टी की स्थापना के लिए वन सीमा से 100 मीटर की दूरी छोड़कर शर्त के आधार पर अनुमति प्रदान की गयी। जबकि मैहर तहसील अन्तर्गत भदनपुर में चूना भट्ठा के लिए खनि पट्टा में 50 मीटर छोड़कर वृक्षारोपण कराते हुए अनुमति प्रदान की गयी। बैठक में मुख्य वन संरक्षक राजेश राय, कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, कलेक्टर मैहर रानी वाटड सहित वन एवं खनिज विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने में मध्यप्रदेश देश में अग्रणी

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रदेश में वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान कार्ड निर्माण में उल्लेखनीय प्रगति पर समस्त संलग्न अधिकारियों, आशा कार्यकर्ता, एएनएम एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत सभी पात्र वरिष्ठ नागरिकों तक स्वास्थ्य सुरक्षा पहुँचाने के लिए संकल्पबद्ध है।वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने में मध्यप्रदेश पूरे देश में अग्रणी है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी आयुष्मान भारत योजना डॉ योगेश भरसट ने बताया कि मध्यप्रदेश में 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के अब तक 2 लाख 667 आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं।

# समाधान ऑनलाइन के आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही करें : कमिश्नर

**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद ने संभागीय तथा जिला अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों पर तत्काल कार्यवाही करें। प्रत्येक माह के अंतिम सोमवार को समाधान आनलाइन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करते हैं। इस माह बैठक की तिथि से पूर्व एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सभी प्रकरणों का निराकरण करें। सभी कलेक्टर लंबित प्रकरणों का निराकरण कराकर प्रतिवेदन ऑनलाइन दर्ज कराएं। कमिश्नर ने कहा है कि समाधान ऑनलाइन में इस माह के लिए तय एजेण्डा के अनुसार मेडिकल कालेज में प्रसूति सहायता, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के पंजीयन तथा राशि के भुगतान एवं भूमि के सीमांकन संबंधी प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी। इस माह हैण्डपंप के रखरखाव तथा सुधार, समग्र आईडी में परिवार के नए सदस्यों के नाम जोड़ने, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना तथा नलजल योजनाओं से संबंधित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की भी समीक्षा की जाएगी। बैठक में समाधान ऑनलाइन में ग्रामीण क्षेत्र में सड़कों में सुधार, उपचार मिलने में देरी, खाद्यान्न वितरण, उचित मूल्य दुकान में खाद्यान्न की उपलब्धता तथा विद्युत ट्रांसफार्मर के बदलने के प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी।

# पेंटियम महाविद्यालय में जिला स्तरीय युवा उत्सव में पश्चात गायन एवं समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन



**रीवा।** पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कॉलेज के करहिया परिसर में युवा उत्सव के तहत पश्चात गायन एवं समूह नृत्य भारतीय एवं गायन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई और भारतीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत की।पश्चात गायन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भारतीय शास्त्रीय संगीत के विभिन्न रूपों को प्रस्तुत किया,जबकि समूह नृत्य प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य और लोक नृत्य के विभिन्न रूपों को प्रदर्शित किया। पश्चात गायन समूह प्रतियोगिता में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया,जबकि समूह गायन भारतीय प्रतियोगिता में शा.ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया,साथ ही समूह नृत्य भारतीय में प्रथम स्थान जीडीसी महाविद्यालय ने प्राप्त किया इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों मे अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया जाता है,आज के आयोजन मे भारतीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत की।भारतीय समूह गायन में न्यू साइंस कॉलेज रीवा,जीडीसी कॉलेज रीवा, शा. केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज, शा. महाविद्यालय हनुमना, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा, ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय, शा.आदर्श विज्ञान महाविद्यालय रीवा के प्रतिभागी छात्र उपस्थित रहे।समूह गायन निर्णायक की भूमिका में मुख्य रूप से,डॉ राजनारायण तिवारी, मणिमला सिंह,डॉ आरती तिवारी, डॉ प्रवीण चंद्र दुबे उपस्थित रहे। समूह नृत्य में डॉ ट्विंकल त्रिपाठी,किशन सिंह,आरती अग्निहोत्री उपस्थित रहे।समूह नृत्य विधा में मुख्य रूप से पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कॉलेज,अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय,जीडीसी कॉलेज तथा शासकीय केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज के प्रतिभागी छात्रों ने भाग लिया। महाविद्यालय के मुख्य प्रबंध निदेशक ने कहा, युवा उत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देना और भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देना है। विजेताओं को प्रमाण पत्र दिए गए।महाविद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव में मुख्य रूप से महाविद्यालय के शैक्षणिक संचालक एसके त्रिपाठी,युवा उत्सव प्रभारी डॉक्टर राकेश तिवारी वरिष्ठ प्राध्यापक जितेन्द्र सिंह परिहार, मनोज गुप्ता,रवि प्रकाश गुप्ता,आशुतोष गुप्ता,संजीव मिश्रा,डॉ मोना तिवारी,डॉ सविता शुक्ला,डॉ अर्चना पटेल,डॉ कविता सिंह,सरस्वती शुक्ला,गिरीश भाई पटेल,सिमरन चंदानी आदि प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक उपस्थित रहे।


आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सूवधा

अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में

लेज़र मशीन द्वारा

बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू

लेजर फायदें

- अस्पताल में रहने की आवश्यकता नहीं
- ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
- रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
- किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी
- फिर से होने की संभावना सबसे कम
- कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है

उपलब्ध सुविधाएँ

- आकस्मिक चिकित्सा इकाई
- गहन चिकित्सा
- खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र
- दवाईयाँ
- प्रसूति कक्ष
- शल्य चिकित्सा कक्ष
- शल्य कियोत्तर कक्ष

आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे-

लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर

जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)

8435896118, 9630131919, 7898847200



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833